卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 292 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦3 अगस्त 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur


## हैट्रिक से चूकीं मनु भाकर



नई दिल्ली (उद संवाददाता)।भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर तीसरे पदक से चूक गई हैं। वह महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं। इस स्पर्धा में कुल 10 सीरीज के शॉट्स लगाए जाने थे। एक सीरीज में कुल पांच शॉट्स थे। तीन सीरीज के बाद एलिमिनेशन का दौर शुरू हुआ था। मनु आठ सीरीज के बाद 28 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहीं। यानी 40 में से मनु के 28 शॉट्स ग्रीन हुए। बाकी निशाने पर नहीं लगे। आठवीं सीरीज में उनके और चौथे स्थान पर मौजूद हंगरी की वेरोनिका मेजर के बीच लड़ाई थी। इस सीरीज में मनु तीन शॉट चूक गईं, जबकि वेरोनिका ने दो शॉट मिस किए और तीन शॉट्स निशाने पर लगे और मनु से आगे हो गईं। इस तरह मनु पदक से चूक गईं। वेरोनिका ने कांस्य पर कब्जा जमाया। दक्षिण कोरिया की जिन यांग ने स्वर्ण और फ्रांस की कैमिली ने रजत पदक जीता। 10 सीरीज के बाद दोनों का स्कोर 37-37 था। फिर दोनों के बीच शूटआउट हुआ, जिसमें जिन ने चार शॉट्स निशाने पर लगाए, जबकि कैमिली का सिर्फ एक शॉट निशाने पर लगा। आज खेलों के महाकुंभ का आठवां दिन है। आर्चरी में भी भारत को मेडल की उम्मीद है। दीपिका कुमारी और भजन कौर महिला इंडीविजुअल राउंड में उतरेंगी और इस इवेंट के मेडल मैच आज ही होने हैं। इसके अलावा मुक्केबाजी में पुरुष खिलाड़ी निशांत देव, गोल्फ में गगनजीत भुल्लर, शुभांकर शर्मा प्रतिस्पर्धा पेश करेंगे। निशानेबाजी में विमंस स्कीट राउंड की शुरुआत होगी, जिसमें महेश्वरी चौहान और राइज ढिल्लन चुनौती पेश करेंगी।

## व्यापार कर कार्यालय के स्टेनो ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि पारिवारिक क्लेश के चलते स्थानीय व्यापार कर कार्यालय में स्टेनो पद पर कार्यरत कर्मी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रात: घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम भरतपुर कूंडा निवासी 36 वर्षीय राजकुमार पुत्र चंदन सिंह व्यापार कर कार्यालय में वैयक्तिक अधिकारी स्टेनो के पद पर कार्यरत था। उसका पिछले कई वर्षों से अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। इस सन्दर्भ में कोर्ट में वाद चल रहा है। उसके दो बच्चे मां के पास रह रहे हैं। राजकुमार के पिता चन्दन सिंह कल गांव गये थे। राजकुमार अपनी मां रामेश्वरी देवी व भतीजी गुनगुन पुत्री स्व. शीशपाल के साथ घर में मौजूद था। रात्रि में राजकुमार ने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। प्रात: जब वह बाहर नहीं आया तो उसकी मां उसे उठाने गई जहां उसने पुत्र को फांसी पर लटका देखा। शोर मचाने पर आस पड़ोस के लोंग आ गये। मामले (शेष पृष्ठ सात पर)



## तीन दिन बाद देवहा नदी में बरामद हुआ किशोर का शव

### किशोर को नदी में खींच ले गया था मगरमच्छ

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र के ग्राम बरकी डांडी में देवहा नदी किनारे पिता व भाई के साथ चारा काटने गया युवक पर मगरमच्छ के हमले के 3 दिन बाद



वन विभाग व पुलिस के रेस्क्यू ऑपरेशन में शव बरामद कर लिया गया।स्थानीय पुलिस व रेस्क्यू टीम ने स्टीमर के साथ 2 किलोमीटर की रेंज तक किशोर की तलाश की थी। ,जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बरकी डांडी निवासी दलजीत सिंह पुत्र बलकार सिंह अपने पिता का भाई (शेष पृष्ठ सात पर)

## लैपर्ड की दो खाल के साथ वन्य जीव तस्कर दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एसटीएफ व वन विभाग की टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर चंपावत के एक वन्य जीव तस्कर को दो लेपर्ड खाल के साथ गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी देते हुए एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि राज्य में वन्य जीव अंगो की अवैध तस्करी में लिप्त तस्करों की अवैध गतिविधियों की रोकथाम व धरपकड़ हेतु अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था एपी अंशुमान द्वारा वन्य जीव जन्तुओं की तस्करी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश के अनुपालन में एसटीएफ पूरी तरह से एक्शन मोड में है। जिसके परिणामस्वप 07 दिवस के अन्दर 2 अलग अलग



मामलों में 4 वन्य जीव तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 हाथी दांत एवं 2 लेपर्ड की खालें बरामद की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रभारी निरीक्षक एमपी सिंह के नेतृत्व में एसटीएफ तथा चम्पावत वन प्रभाग की संयुक्त टीम द्वारा एक ज्वांइट ऑप्रेशन में कल शाम कनवाड बैंड देवीधुरा वन रेंज क्षेत्र से एक वन्यजीव तस्कर आनंद गिरि पुत्र महेश गिरी निवासी सूनकोट सेलाखेत थाना मुक्तेश्वर जनपद नैनीताल को 2 लेपर्ड की खाल के साथ गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्कर आनंद लम्बे समय से वन्यजीव अंगो की तस्करी में लिप्त था। एसटीएफ की इस कार्यवाही में मुख्य आरक्षी गोविन्द बिष्ट की विशेष भूमिका रही। श्री अग्रवाल ने बताया गया कि एसटीएफ द्वारा कल जनपद चम्पावत क्षेत्र में चम्पावत वन प्रभाग को साथ लेकर वन्यजीव तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की गयी। जिसमें 2 लेपर्ड स्किन के साथ एक शातिर वन्यजीव तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। वन्यजीव तस्करों (शेष पृष्ठ सात पर)

## ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए पौधारोपण जरूरी: कोश्यारी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर भाजपा प्रदेश अभियान के तहत शनिवार को वार्ड नं-40 ओमेक्स कालोनी स्थित क्लब में पौध भगत सिंह कोश्यारी ने तीन पौधे लगाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस





मंत्री विकास शर्मा की ओर से वाडों में चलाये जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' ारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री अवसर पर श्री कोश्यारी ने एक पेड़ मां के नाम, एक पेड़ (शेष पृष्ठ सात पर)

## कैबिनेट मंत्री ने तहसील भवनों का किया शुभारंभ

सितारगंज। सिडकुल रोड स्थित पुरानी तहसील परिसर में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के प्रयासों से नवनिर्मित भव्य तहसील भवनों का विधिवत शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि जर्जर तहसील भवन निर्माण के लिए




उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्ताव रखा था। बिना देरी किए सीएम धामी ने सितारगंज के विकास से जुड़ी हर योजनाओं को स्वीकृत कराकर क्षेत्र के विकास को पंख लगाए है। उन्होंने नई तहसील भवन का(शेष पृष्ठ सात पर)

### एक वादा किया पूरा दूसरे में पार्क व पार्किंग की दे गए खुशखबरी

सितारगंज। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने नई तहसील भवनों का निर्माण कराकर एक वादा पूरा कर क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए दूसरा वादा 15 करोड़ की लागत से सितारगंज शहर में पार्क और पार्किंग की खुशखबरी दी। जिसके बाद सभी के चेहरे खिल गए। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने (शेष पृष्ठ 7पर)


### श्रद्धांजलि सभा/रस्म पगड़ी



**नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावक: ।**
**न चौनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूत: ।।**

अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित किया जा रहा है कि मेरे पूज्य पति **श्री पवन कुमार अग्रवाल जी ( पुत्र स्व. श्री चुन्नी लाल गोयल जी )** का स्वर्गवास दिनांक 29 जुलाई 2024 को हो गया है, किन्तु वह हमारे हृदय में सदैव जीवित हैं और रहेंगे। **श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी दिनांक : 04 अगस्त 2024, रविवार** को समय : अपरान्ह 3:00 बजे से 4:00 बजे तक स्थान : पांच मंदिर, रूद्रपुर में होगी।

**शोकाकुल परिवार**

**श्रीमति नीरा अग्रवाल ( धर्मपत्नी )**
CA प्रणव गोयल-समिधा (पुत्र-पुत्रवधू )
ईशा-Adv. प्रखर अग्रवाल (पुत्री- दामाद)

गीता देवी-स्व.श्री राधेश्याम गोयल( भाभी-भाई)
सुलोचना-सुंदर लाल गोयल( भाभी-भाई)
सुभद्रा-मोहन लाल( भाभी-भाई)
अमिता-घनश्याम अग्रवाल( भाभी-भाई)
जयंती-रमेश प्राणेश( भाभी-भाई)
पूर्णिमा-प्रमोद कोणार्क( भाभी-भाई)
आशा-बसंत मित्तल( बहन-बहनोई)
सुषमा-रणवीर गुप्ता( भाभी-भाई)
एवम समस्त गोयल परिवार

**प्रतिष्ठान :-**
होटल ईरा, पांच मंदिर के पास, रूद्रपुर
पी.जी.ए कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड, गल्ला मंडी, रूद्रपुर


## जनसहयोग से हट रहा है कूड़े के पहाड़ का कलंक: डीएम

### विभिन्न संस्थाओं ने डीएम, एमएनए, एसडीएम व एएमएनए को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला मुख्यालय का दशकों पुराना किच्छा रोड़ स्थित कूड़े के पहाड़ का कलंक जन







सहयोग से आज लगभग समाप्ति की ओर है। नगर की अन्य बड़ी समस्याओं का भी शीघ्र समाधान किया जा रहा है। यह बात जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में नगर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के दौरान अपने सम्बोधन में कही। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने यहां जिलाधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था तो उनके समक्ष किच्छा रोड स्थित कूड़े के पहाड़ की समस्या प्रमुख रूप से सामने आई थी। जिसे समाप्त करने के लिये उन्होंने व्यक्तिगत रूचि ली और समय-समय पर निरीक्षण करने के साथ ही कूड़े को हटाने के लिये प्रशासनिक स्तर पर सभी कार्य प्रारम्भ किये। उन्होंने कहा कि कूड़े के निस्तारण के लिये इसका कार्य एक संस्था को सौपा गया। जो दिन-रात कार्य में जुटी हुई है। डीएम ने कहा कि वर्तमान में नगर से जो कूड़ा एकत्र हो रहा है उसका भी त्वरित निस्तारण( शेष पृष्ठ सात पर)

# केदारघाटी में रेस्क्यू अभियान जारी: कई यात्री लापता

## लोगों के परिजनों के लिए पुलिस ने जारी किये हेल्पलाईन नंबर,7000 लोगों को निकाला

रूद्रप्रयाग। गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर अतिवृष्टि के बाद से रेस्क्यू जारी है। वहीं जगह जगह पैदल मार्ग ध्वस्त हाने से सैकड़ों तीर्थयात्री और कावंडिये युवक भी जंगलो से लौट रहे हैं। बताया जा रहा है कि करीब 150 लोगों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। अब तक 6,980 लोगों का रेस्क्यू हो चुका है। शुक्रवार को 2980 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। 599 को हेलिकॉप्टर से लाया गया है। जबकि 1500 से अधिक लोग अभी भी फंसे होने की सूचना है। एसपी लोग लापता हैं, सीधे तौर पर नहीं बताया जा सकता है, रेस्क्यू पूरा होने पर स्थिति साफ होगी। कई लोग शुक्रवार को घर पहुंच गए हैं। केदारनाथ पैदल मार्ग पर फंसे यात्रियों व स्थानीय लोगों का रेस्क्यू चल रहा है। इस दौरान पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है। जिसकी मदद से लोग अपनों के बारे में जानकारी ले सकते हैं। पुलिस उपाधीक्षक हर्षवर्धनी सुमन ने बताया कि केदारनाथ से लेकर पैदल मार्ग पर सभी यात्री सुरक्षित हैं और उन्हें रेस्क्यू किया जा रहा जारी है, सभी विभाग अलर्ट पर हैं। मैं खुद भी लिनचोली और गुप्तकाशी गया था। अब तक 5,000 लोगों को बचाया गया है और 1000 लोग धाम पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा है कि आपदा के समय साथ हैं। सभी संभव सहायता वहां से हो रही है। हेलिकॉप्टर भी भेजा गया है। गृहमंत्री भी लगातार संपर्क में हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी लगातार जानकारी ले रहे हैं। केंद्र सरकार आपदा के समय हमारे साथ हैं। हम हर एक श्रद्धालु, आपदा पीड़ित की सहायता के लिए भी पूरे दिन भर रेस्क्यू अभियान जारी रखा गया। हैलीकॉप्टर से किये जा रहे रेस्क्यू में बीच-बीच में खराब मौसम भी बाधक बना रहा। आज हैलीकॉप्टर से 602 यात्रियों का रेस्क्यू किया गया है। वहीं मैनुअल तरीके से लगभग 1700 यात्रियों का रेस्क्यू अब तक किया जा चुका है। मैनुअल (पैदल) रेस्क्यू कार्य निरन्तर जारी है। सोनप्रयाग के पास किये जा रहे रेस्क्यू कार्य का पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग ने जायजा लेते हुए रेस्क्यू कार्य में लगे एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, नम्बर 112 जारी किया गया है। विभिन्न यात्रा पड़ावों पर ठहरे यात्रियों हेतु प्रशासन के स्तर से पर्याप्त भोजन, पानी व आवासीय व्यवस्था की गयी है। रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग ऊर्जा निगम के पावर हाउस बैंड से कुछ दूरी पर 60 मीटर पूरी तरह से वॉशआउट हो रखा है। यहां पर पहाड़ी दरक रही है, जिससे छोटे-बड़े पत्थर गिर रह रहे हैं। वहीं, 200 मीटर नीचे बह रही मंदाकिनी पूरे उफान पर है। इन दोनों के बीच में रेस्क्यू दल में जुटे जवान रस्सों के सहारे लोगों की मार्ग पर अतिवृष्टि से उपजे हालात के बीच फंसे हजारों यात्रियों का रेस्क्यू किया जा रहा है। दो दिन से एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ और पुलिस जवानों की मदद से रेस्क्यू अभियान चल रहा है। शुक्रवार सुबह साढ़े छह बजे से सोनप्रयाग में हाईवे के दूसरी तरफ फंसे यात्रियों को सकुशल बाजार तक पहुंचाने के लिए रेस्क्यू शुरू किया गया। जहां पर रेस्क्यू किया जा रहा है, वहां हालात सबसे ज्यादा संवेदनशील हैं। यहां हाईवे से करीब 100 मीटर ऊपर से







डॉ. विशाखा अशोक भदाणे ने बताया कि इन लोगों को शनिवार को रेस्क्यू किया जाएगा। 150 से अधिक लोगों के परिजनों ने पुलिस को बताया है कि उनका अपने लोगों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। ये सभी केदारनाथ गए थे। इनमें कई स्थानीय भी हैं। इन्हें शनिवार को निकाला जाएगा। एसपी का कहना है कि क्षेत्र में मोबाइल कनेक्टिविटी नहीं होने से भी लोगों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। इसलिए कितने है। उन्होंने बताया कि पहले दिन 4000 लोगों को पैदल मार्ग से रेस्क्यू किया गया था। वहीं, शुक्रवार को शाम पांच बजे तक हेलिकॉप्टर से 602 और पैदल मार्ग से 1,700 यात्रियों का रेस्क्यू किया जा चुका है। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मीडिया से केदारघाटी में आयी भीषण आपदा के बाद राहत और बचाव अभियान की जानकारी साझा करते हुए कहा कि प्रदेश में राहत-बचाव अभियान प्रतिबद्ध हैं। वहीं आज सोनप्रयाग में चलाये जा रहे रेस्क्यू अभियान का पुलिस अधीक्षक डा. विशाका अशोक भदाणे ने लिया जायजा, रेस्क्यू कार्य में नियुक्त कार्मिकों की हौसला अफजाई करते हुए इसी प्रकार से कार्य करने के दिये गये। श्री केदारनाथ धाम यात्रा पैदल मार्ग अतिवृष्टि के चलते मार्ग क्षतिग्रस्त होने पर गत दिवस फंसे यात्रियों को निकालने हेतु रेस्क्यू अभियान चलाया गया था। आज जिला आपदा प्रबन्धन, जिला पुलिस जवानो की हौसला अफजाई की गयी। आज दिन-भर मौसम की ऑंख मिचौली चलती रही व केदारघाटी में कोहरा (फौग) लगने के कारण हैलीकॉप्टर से रेस्क्यू कार्य करने में दिक्कतें आयीं। मैनुअल रेस्क्यू निरन्तर जारी है। इसके अतिरिक्त जनपद पुलिस के स्तर से हेल्पलाइन नम्बर 7579257572, 01364-233387 व आपातकालीन जिंदगी बचाने की मशक्कत कर रहे हैं।हल्की सी चूक जान पर भारी पड़ सकती है, लेकिन जवानों का हौसला देखते बन रहा है। ये जवान जान हथेली पर रखकर एक-एक यात्री को खड़ी चट्टान से नीचे उतारकर सकुशल सोनप्रयाग पहुंचा रहे हैं। डीएम और एसपी की मौजूदगी में दोपहर तक 850 से अधिक यात्रियों का रेस्क्यू किया जा चुका था। बुधवार रात को गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल पहाड़ी दरक रही है। इससे सड़क का 60 मीटर हिस्सा ध्वस्त होकर मंदाकिनी नदी में समा चुका है। पहाड़ी से लगातार छोटे-बड़े पत्थर के साथ मिट्टी गिर रही है, जबकि 200 मीटर नीचे मंदाकिनी नदी अपने चरम पर बह रही है। क्षेत्र में एनडीआरएफ के जवान गौरीकुंड से पहुंच रहे यात्रियों और स्थानीय लोगों को रेस्क्यू कर सोनप्रयाग बाजार तक पहुंचा रहे हैं।



## एसडीआरएफ के जवानों ने बोल्डरों के बीच दबे घोड़ा संचालक को बचाया

रूद्रप्रयाग। केदारघाटी में भारी बारिश से आई आपदा में नंदप्रयाग-घाट के गिरीश चमोली को बचाने के लिए एसडीआरएफ का जवान देवदूत बनकर थारु कैंप में पहुंचा। थारू कैंप में दुकान संचालन करने वाले गिरीश शुक्रवार रात अपने घोड़े को बचाते समय बोल्डर की चपेट में आ गए थे। रातभर बोल्डर के बीच दबे रहे। शुक्रवार सुबह एसडीआरएफ के जवानों ने उनके कराहने की आवाज सुनी और फिर उन्हें बचाने के प्रयास शुरू हुए। नौ घंटे चले रेस्क्यू के बाद उन्हें निकाला जा सका। गिरीश लगभग 18 घंटे तक बोल्डर के नीचे दबे रहे। उसने बताया कि बीते 31 जुलाई को शाम 7.30 बजे मूसलाधार बारिश शुरू हो गई थी। मैं थारु कैंप में अपनी दुकान में बैठा था। रात 8 बजे बारिश तेज हुई तो मैं अपने घोड़ा को बचाने के लिए बाहर आया। मैं घोड़े को लेकर डेरे पर आ ही रहा था कि



मेरा पैर पत्थर पर टकरा गया। मैं संभल पाता कि ऊपर से बोल्डर गिरने लगे। कुछ समय के लिए कुछ पता नहीं लगा कि मैं कहा था। बस इतना देख पाया था कि मेरा घोड़ा बचकर बुग्यालों की तरफ भाग गया था। मेरा पैर एक बड़े पत्थर से दबा हुआ था, जिसे मैं हिला नहीं पा रहा था, दर्द से कराहते हुए मैं बीच रातभर मदद के लिए चिल्लाता रहा, लेकिन कोई नहीं था। बाबा केदार की कृपा थी कि बोल्डर के नीचे मुझे सांस लेने के लिए जगह मिल गई थी और बारिश से बचने के लिए छत भी। तड़के 4:30 बजे मैंने फिर मदद के लिए आवाज लगाना शुरू किया। कुछ ही देर में एक आवाज सुनाई दी, कहां हो मुझे बताओ..। मेरी आवाज सुनकर एसडीआएफ के चार-छह जवान मेरे सामने आ गए थे, उन्होंने मेरा हौंसला बढ़ाया और धैर्य रखने को कहा। इसके बाद एसडीआरएफ के जवान मुझे बोल्डरों के बीच से बाहर निकालने के लिए मशक्कत करने लगे। जवानों ने 9 घंटे मशक्कत के बाद दोपहर दो बजे मुझे बाहर निकाला और नया जीवन दिया। लेकिन बोल्डरों की चपेट में आने से मेरे एक साथी की मौत हो गई। एसडीआरएफ के कमांडेंट मणिकांत मिश्रा ने बताया कि गिरीश को हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू कर केदारघाटी से जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग पहुंचाया गया। रेस्क्यू दल में एसडीआरएफ के एसआई प्रेम सिंह, हेड कांस्टेबल प्रेम, आरक्षी दिंगबर, रामनरेश, धर्मेंद्र गोसाईं और होमगार्ड अरुण और अशोक शामिल थे।

## राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने उठाया ग्रीन बोनस और फ्लोटिंग पॉपुलेशन का मुद्दा

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने शुक्रवार को सदन में पर्यावरणीय सेवाओं के बदले उत्तराखंड को ग्रीन बोनस देने की मांग की। उन्होंने केंद्र सरकार से अनुरोध किया कि उत्तराखंड में हर साल आठ करोड़ की आबादी अन्य राज्यों से आती है। उन्होंने आठ करोड़ आबादी के समानुपात में उत्तराखंड को वित्तीय सहायता और योजनाओं का लाभ देने की मांग की। बता दें कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी समय-समय पर इन दोनों मुद्दों को केंद्र और नीति आयोग के समक्ष उठाते आ रहे हैं। बंसल ने कहा, उत्तराखंड समेत हिमालयी राज्यों की भौगोलिक परिस्थिति देश के बाकी राज्यों से अलग है। हिमालयी राज्यों के सतत विकास के लिए स्वतंत्र नीति बनाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। कहा, विषम भौगोलिक हालात से यहां विकास काफी प्रभावित होता है। योजनाओं को पूरा होने में समय लगता है। कई परियोजनाएं लंबे समय से लटकी हैं। पर्वतीय राज्यों की भौगोलिक और सामाजिक संरचना के अनुसार विकास की पृथक नीति बननी




जरूरी है। कहा, पिछले एक दशक से ज्यादा से उत्तराखंड की देश को अपनी पर्यावरणीय सेवाओं के लिए केंद्र सरकार से विशेष पैकेज व ग्रीन बोनस की मांग करता रहा है। उत्तराखंड का वनाच्छादित क्षेत्र, ग्लेशियर, सदानीरा नदियां उत्तराखंड से ज्यादा लाभ देश के अन्य भागों को देती है। वैश्विक पर्यावरण पर भी इसका असर पड़ता है। एक आकलन के अनुसार उत्तराखंड हर वर्ष अपनी जैव विविधता के जरिए देश को 95 हजार 112 करोड़ रुपये की सेवाएं दे रहा है। इसकी भरपाई ग्रीन बोनस से होनी चाहिए। कहा, राज्य की आबादी सवा करोड़ है, लेकिन पर्यटन, कई धार्मिक यात्राओं, पर्व त्योहार पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को जोड़ा जाए तो आठ करोड़ से भी ज्यादा हो जाती है। उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार से निवेदन किया कि राज्य की आबादी संपूर्ण आठ करोड़ से अधिक मानते हुए इसके अनुपात में आर्थिक सहायता और योजनाओं का लाभ दे। साथ ही विशेष औद्योगिक पैकेज भी बहाल हो।

## भराड़ीसैंण विधानसभा में 21 से 23 अगस्त तक होगा मानसून सत्र,रणनीति बनाने में जुटा विपक्ष

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड विधानसभा का मानसून सत्र 21 से 23 अगस्त तक होगा। सत्र का आयोजन गैरसैंण की भराड़ीसैंण विधानसभा में किया जाएगा। शुक्रवार शाम को शासन ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। बता दें कि बीते दिनों हुई कैबिनेट की बैठक में सत्र का समय व स्थान तय करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अधिकृत किया था। तब से सत्र संपन्न कराने की तैयारी चल रही थी। शुक्रवार को सीएम ने तारीख तय कर दी। बता दें कि गैरसैंण के भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा भवन में हर साल बजट सत्र आयोजित किया जाता है, लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश सरकार ने 2024-25 का बजट सत्र देहरादून में कराया। इस पर विपक्ष ने भी प्रदेश सरकार पर गैरसैंण की उपेक्षा करने के आरोप लगाए थे। इसे देखते हुए अगस्त में मानसून सत्र गैरसैंण



में कराने की तैयारी की गई है। जानकारी के अनुसार इस विधानसभा मानसून सत्र के दौरान 21 अगस्त को अध्यादेशों को सदन के पटल पर रखा जाएगा। इसके साथ ही इस दिन औपचारिक कार्य और विधायी कार्य होंगे। 22 अगस्त को विधायी कार्य और 23 अगस्त को विधायी कार्य और असरकारी कार्य सम्पन्न होंगे। उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैण में धामी सरकार ने विधानसभा का सत्र आहूत करने का ऐलान कर दिया है। वहीं मानसून सत्र के पूर्व सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सरकार पर गैरसैण की उपेक्षा को लेकर उठाये जा रहे सवालों पर विपक्ष को भी बैकफुट पर धकेलने का दांव खेल दिया है जिसके बाद सियासत तेज हो सकती है। वहीं विपक्ष भी मानसून सत्र के दौरान सरकार को कई मुद्दों को लेकर घेरने की रणनीति बनाने में जुटा हुआ है।

# परिवहन विभाग के फिटनेस सेंटर पर किया धरना प्रदर्शन

किच्छा(उद संवाददाता)। लालपुर स्थित परिवहन विभाग के फिटनेस सेंटर पर फिटनेस सेंटर कर्मचारियों पर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश पनेरु के नेतृत्व ने दर्जनों वाहन स्वामियों वाहन चालकों ने सांकेतिक धरना प्रदर्शन करते हुए परिवहन विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा परिवहन विभाग के फिटनेस सेंटर को बंद करने की मांग की। इस दौरान उपस्थित वाहन चालकों ड्राइवर, वाहन मालिक ने लालपुर स्थित कहा कि यह धरना सांकेतिक धरना है। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं परिवहन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर लालपुर स्थित परिवहन विभाग के केंद्र पर बरती जा रही अनियमितताओं का खुलासा करेंगे तथा दोषी कर्मचारियों के द्वारा ही फिटनेस दी जा रही है। उन्होंने कहा कि समय रहते क्षेत्र के पूर्व विध ायक और वर्तमान विधायक ने भी उक्त प्रकरण में संज्ञान लिया होता तो आज उन्हें यह कार्य नहीं करना पड़ता। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों ही वरिष्ठ नेताओं





परिवहन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों पर बाउंसर रखकर वाहन चालकों ड्राइवर व मालिकों के साथ मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया। शनिवार प्रात: 10 बजे पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश पहने वाहन चालकों और वाहन स्वामियों की शिकायत पर परिवहन विभाग के फिटनेस सेंटर के सामने एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया जिसकी सूचना पर वरिष्ठ उप निरीक्षक उमेश कुमार मय फोर्स के मौके पर पहुंच गए। इस अवसर पर धरना देते हुए उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश पनेरु ने खिलाफ कार्यवाही की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि 3000 के शुल्क के बजाय विभाग के केंद्र पर बाउंसरों के माध्यम से जबरदस्त वसूली की जा रही है। कहा कि यदि वार्ता के बाद संबंधि त अधिकारियों ने लालपुर स्थित परिवहन विभाग के फिटनेस सेंटर में मौजूद खामियों को दूर नहीं किया तो अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ जाएंगे। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में स्थित फिटनेस सेंटर में भी अनियमितताएं व्याप्त थी जिसके खिलाफ उन्होंने आंदोलन करते हुए उक्त केंद्र को ही बंद कर दिया। अब वहां पर सीधे विभाग द्वारा छोटी-छोटी बातों पर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है फिटनेस सेंटर द्वारा मचाई जा रही लूटपाट के लिए उनके पास समय नहीं है। इस दौरान धरना प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से मनोज बाजवा, नवाब भाई, खुर्शीद, अमित कुमार, अवनीश कुमार, विक्रम बंसल, सुनील, दामोदर विक्की, शर्मा, विजयपाल बिट्टू, रवि, मंगल सिंह, महेंद्र सिंह, शिवनाथ, महेश प्रताप, रवीश कुमार, सोहेल, प्रमोद कुमार, अनुज सिंह, मुन्ना, कमलजीत सिंह, रोहित बंसल, रामजीलाल, महेंद्र सिंह, विजय, अमित दलीप कुमार सहित सैकड़ो लोग थे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817

# परिवहन विभाग के कर्मचारियों ने किया दो घंटे कार्य बहिष्कार

रामनगर(उद संवाददाता)। एआरटीओ कार्यालय में तैनात कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी व प्रदर्शन करते हुए कार्यालय में 2 घंटे का कार्य बहिष्कार किया।कार्य बहिष्कार के चलते वाहनों से संबंधित कार्य करने के लिए आए वाहन स्वामियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार के चलते कई वाहन स्वामी बैरंग लौटने पर मजबूर हुए। कर्मचारी नेता एन के जोशी ने बताया कि कुछ दिन पूर्व रुद्रप्रयाग जनपद में एक बस दुर्घटना हुई थी उन्होंने बताया कि इस



बार दुर्घटना में वहां पर बने चेक पोस्ट पर तैनात परिवहन विभाग के दो कर्मचारियों को सरकार द्वारा निलंबन करने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि जिन कर्मचारियों का निलंबन किया गया है। उन्होंने निलंबन शीघ्र वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो कर्मचारी सोमवार को भी कार्यालय में 2 घंटे का कार्य बहिष्कार करेंगे तथा इसके बाद अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार करने को मजबूर होंगे।

गोदाम और फ्लैट किराये हेतु उपलब्ध
◆ 5000,10,000 एवं 20,000 वर्ग फिट में बने गोदाम उपलब्ध हैं।
◆ मैट्रोपोलिस एवं सामिया में 2 एवं 3 बीएचके के फ्लैट उपलब्ध हैं।
-सम्पर्क करें-
9568300033
9568300015

# पति और ससुरालियों पर डीजल डालकर जलाने के प्रयास का आरोप

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र की महिला ने पति व ससुरालियों पर डीजल से जलाने का प्रयास करने व प्रताड़ित करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।थाना क्षेत्र के ग्राम कैथुलिया निवासी बलजीत कौर पुत्री सन्तोख सिंह ने पुलिस में दी तहरीर में कहा है कि दिनांक 31 जनवरी 2024 को उसकी षादी गुरदेव सिंह पुत्र जसवंत सिंह निवासी ग्राम नारायणपुर थाना गदरपुर के साथ सिक्ख रीति रिवाज के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के दो माह बाद तक सबकुछ ठीक ठाक चला। लेकिन दो माह बाद उसका पति गुरदेव सिंह, सास छीलौ कौर , जेठ सतनाम सिंह, जेठानी जसवीर कौर ने बिचौलिया सुरजीत कौर के निवासी डोहरा डाम किच्छा के बहकावे में आकर उसे प्रताणित कर डीजल डालकर जलाने का प्रयास किया। आरोप है कि ससुराली लगातार उसके साथ मारपीट करते है। दहजे में मोटरसाईकिल न लाने पर उसे प्रताणित किया जा रहा है। महिला ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि 8 मई को उक्त ससुराली उसे मायके लेकर आए और यहां आकर मारपीट व गाली गलौच कर तोडफोड़ कर मुझे छोड़ गए। दहेजे में मोटरसाईकिल न लाने पर ससुराल में न आने की धमकी देकर गए है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गुरूनानक इंटर कालेज अभिभावक संघ की जोगेन्द्री राणा अध्यक्ष बनी

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। गुरूनानक इण्टर कालेंज की अभिभावक संघ की बैंठक में सर्वसम्मति से अभिभावक संघ की कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें संघ का अध्यक्ष जोगेन्द्री राणा का चुना गया। कालेज के प्रधानाचार्य तरसेम सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि अभिभावक संघ की आहुत बैंठक में संघ की कार्यकारिणी को लेकर चर्चा हुई। जिसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि जोगेन्द्री राणा निवासी किशनपुर को अध्यक्ष चुना गया, इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद हेतु सुरजीत सिंह,उपमंत्री मो0 अरशद, अंसारी को चुना गया। सदस्य के रूप में रेशम सिंह, कृष्णा कौर , विद्यावती, हयात सिंह विष्ट , नरायण दत्ता, संजय कुमार, नरेश सिंह, संगीता देवी को सर्वसम्मति से चुना गया। प्रधानाचार्य तरसेम सिंह उपाध्यक्ष के रूप में पदेन चयनित हुएं। मंत्री हेतु मनीश कुमार गंगवार को चुना गया। इस मौकें पर सम्पूर्ण सिंह, हरपाल सिंह, तेजेन्द्र सिंह, डा0 प्रंशात विश्वास आदि अध्यापक मौजूद थे।



# बाइक सवार युवकों ने कोचिंग से लौट रही छात्रा का पर्स लूटा

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।थाना क्षेत्र के ध्यानपुर में कोंचिग सेन्टर से वापस लौट रही छात्रा का पर्स बाईक सवार दो अज्ञात युवक लूट ले गए। पर्स में छात्रा का मोबाईल व नगदी समेंत जरूरी कागजात थे। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दोपहर करीब 12 बजें फ्लोर मिल के ग्राम सरोंजा थाना नानकमत्ता निवासी नकिता राणा पुत्री हरवंष सिंह कोंचिग सेन्टर से वापस लौट रही थी कि तभी फ्लोर मिल ध्यानपुर के पास अज्ञात दो बाईक सवार युवकों ने झपटटा मारकर छात्रा का पर्स छीन लिया, जब तक छात्रा कुछ समझ पाती तब तक युवक उसका पर्स लेकर ध्यानपुर जंगल की और फरार हो गए। छात्रा ने आसपास से निकल रहें राहगीरों व ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। छात्रा ने बताया कि पर्स में उसका मोबाईल व कुछ पैसे के साथ जरूरी कागजात थे। दोनों युवक ध्यानपुर में मार्ग किनारें लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए है।



# ओपन जिम के लिए धनराशि आवंटित होने पर मुख्यमंत्री का जताया आभार

गदरपुर(उद संवाददाता)। विधानसभा गदरपुर क्षेत्र में आठ ओपन जिम के लिए आवंटित धनराशि गदरपुर के विकास के लिए एक मील पत्थर होगी । जारी किए गए प्रेस नोट में यह विचार रखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने बताया कि गदरपुर क्षेत्र के लिए आठ ओपन जिम के लिए प्रदेश सरकार द्वारा धन राशि उपलब्ध कराई गई है जिससे विभिन्न क्षेत्रों में ओपन जिम का निर्माण करके शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को व्यायाम एवं कसरत करने के लिए सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में विकास कार्यों में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी । उन्होंने बताया,शासन ने ओपन जिम के लिए धनराशि भी स्वीकृत कर दी है जिनका निर्माण कार्य जल्दी प्रारंभ हो जाएगा ।



# आपदा के कारण श्री केदारनाथ धाम प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा स्थगित : तिवारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री केदारनाथ धाम प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा के दसवें दिन कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा व वरिष्ठ कांग्रेसजन द्वारा निर्णय लिया गया कि केदारनाथ में आयी आपदा में सहयोग कर मार्ग खुलवाने व आपदा पीड़ितो को सहयोग करेंगे। श्री केदारनाथ धाम प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा केदारनाथ मार्ग सुचारु होने के उपरांत पुन: शुरू होगी। नीरज तिवारी प्रवक्ता कांग्रेस ने बताया केदारनाथ में कल्पना से भी ज्यादा दुर्घटना हुई है। अनेकों हेलीकॉप्टर रेस्क्यू में लगे हुए है। कई परिवार रोते बिलखते नजर आ रहे है। रेस्क्यू कर लोगो को एम्बुलेंस नियत स्थान में पहूँचा रही है। सैकड़ों लोगो का अभी भी अता पता नहीं है। तिवारी ने बताया केदारनाथ जी के दर्शन करने गए सैकड़ों श्रद्धालुओं की गाड़ियां कई दिनों से होटल व पार्किंग में खड़ी है। श्रद्धालुओं का लौट कर नहीं आना चिंता का विषय है। केदारनाथ पैदल मार्ग कई किलोमीटर बह चुका है। सरकार के इंतजाम नाकाफी है न राहत कैम्प न दवाईया। रेस्क्यू युद्ध स्तर पर होना चाहिए। सरकार श्रद्धालुओं की मदद में असफल साबित हुई है।

# धर्मसिंह ने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी में मनोनयन प्रक्रिया का किया विरोध

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब प्रबंधक कमेटी के निवर्तमान सदस्य धर्मसिंह ने जारी एक बयान में गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब कमेटी से बिना उन्हें कोई नोटिस दिए या पद से हटाए नियमों के विरुद्ध एक व्यक्ति द्वारा 11 सदस्यों के साथ स्वयं को अध्यक्ष घोषित करने का विरोध किया है। उनका कहना है कि गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब प्रबंधक कमेटी जो 27 डायरेक्टरों की कमेटी है जिनके द्वारा मजहबी सिख समाज से उन्हें 29 अप्रैल 24 को वोटिंग कर विधिवत एक डायरेक्टर के रूप में मनोनीत किया गया था। परंतु कुछ समय पहले बिना चुनाव किए विधिवत तरीके से जोगिन्दर सिंह द्वारा ६ सदस्यों के साथ श्री गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब कमेटी पर कब्जा कर स्वयं को कमेटी का प्रधान घोषित कर दिमा गया।उनका कहना है कि यह मामला वर्तमान में हाई कोर्ट नैनीताल व श्री अकाल तख्त साहिब में विचाराधीन है। ध र्मसिंह ने बताया कि वह इस मामले में कानूनी लड़ाई की तैयारी कर रहे हैं।

# भ्रष्टाचार में डूबीं कांग्रेस जनता को भ्रम में ना डालें: बिष्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने जारी बयान में कहा है कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में उत्तराखंड के लिए कुछ नहीं किया केवल धन बटोरने व जनता को छलने का काम किया है। कांग्रेस ने आपसी झगड़ों व भ्रष्टाचार में उत्तराखंड को पीछे करने का काम किया है। इसलिए जनता ने इन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया। उत्तराखंड के विकास के लिए केन्द्र और राज्य सरकार निरन्तर अग्रसर है। प्रताप बिष्ट ने कहा जनता कांग्रेस के छलावे को जान चुकी है। यह केवल मीडिया की हेडलाइन बनने व जनता के बीच झूठ परोसने का काम ना करें। उन्होंने कहा पिछले कई वर्षों कांग्रेस की सरकारें रही पर उत्तराखंड कै भविष्य के बारे में कभी कांग्रेस ने नहीं सोचा। भाजपा लगातार उत्तराखंड के विकास के लिए अग्रणी है। सड़कों का जाल बिछाया है।उत्तराखंड की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए यहां के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं कामों की लगातार समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नैनीताल जनपद में प्राथमिकताएं से जो काम हो रहे हैं नैनीताल, हल्द्वानी, रामनगर की ड्रेनेज व्यवस्था, हल्द्वानी की पेयजल आपूर्ति मेंत व्यवस्था, नैनीताल नगर की सीवर व्यवस्था, नैनीताल नगर के प्रवेश द्वार तल्ली ताल का ट्रैफिक प्लान, नैनीताल में बढ़ते वाहनों के दबाव की दृष्टि के सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को लागू किया जाना, वह रूसी बाईपास से परिवहन, कैंची धाम हेतु वैकल्पिक मार्ग रामनगर से होते हुए, नैनीताल तथा हल्द्वानी में सड़कों का चौड़ीकरण नैनीताल भीमताल आदि झीलों का सौंदरीकरण, हल्द्वानी रिंग रोड, हल्द्वानी फ्लाइ ओवर, हल्द्वानी फुट ओवर ब्रिज, हल्द्वानी बस अड्डा, भीमताल पार्किंग, विजयपुर पहाड़ पानी और काठगोदाम से हेडाखान रोड का और रोपवे, भवाली से खैरना एनएच, मेट्रोपोल पार्किंग कैंट बोर्ड की भूमि पर पार्किंग, गौशालाएं रामनगर, हल्द्वानी भवाली, जनपद से प्राधिकरण द्वारा एसएएस के अंतर्गत भेजेगा औवसंरचना परियोजनाएं, हल्द्वानी नैनीताल रोड स्थित पार्कों का सौंदरीकरण, सड़क चौड़ीकरण, पेड़ों का प्रत्यारोपण रूसी बाईपास पर स्थाई सरफेस पार्किंग, मछली वन नहर चोरगलियां, बिंदुखत्ता राजस्व गांव, जमरानी बांध विस्थापन योजना, कैंची धाम से भवाली तक विनिमित्र क्षेत्र बनाया जाना। यह सारी योजनाएं सुचारू रूप से चल रही है। कांग्रेस इसमें भ्रम की स्थिति पैदा ना करें।प्रताप बिष्ट ने कहा कि कांग्रेस के नेता जिस प्रकार सरकार के प्रति नफरत व झूठ फैलाने का काम कर रहे हैं अति निंदनीय है।

# कांग्रेस अपना दामन साफ कर दूसरो सलाह दे: प्रकाश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत ने बताया कि कांग्रेस की सरकार भ्रष्टाचार के मद में चूर हो कर लोगों में भ्रम की स्थिति पैदा करने की कोशिश कर रही है जो कभी सफल नहीं होगी। केदारनाथ में कुल 23 किलो के करीब सोना लगा है इससे पहले यहां पर चांदी की प्लेटें थी जिसका वजह कुल 230 किलो था। जिस समय चांदी की प्लेटें यहां से हटाई गई इसी का लाभ लेते हुए कांग्रेस जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि 70सालो में कांग्रेस ने उत्तराखंड के लिए क्या किया है? खासकर केदारनाथ के लिए 2014 तक कांग्रेस की सरकार आई और गई। कभी भी उन्होंने केदारनाथ की सुध नहीं ली। उत्तराखंड की धरोहर को संजोने का कभी भी काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार आते ही, केदारनाथ के लिए अलग से बजट देकर केदारनाथ का कायाकल्प बदलने का काम केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है और लगातार केदारनाथ मंदिर को विश्व पटल पर रखा है।श्री रावत ने कहा कि कांग्रेस के विधायक जिस प्रकार की टिप्पणी कर रहे हैं 2019 में वह स्वयं मेयर के दावेदार बने उससे पहले उन्होंने कांग्रेस का भ्रष्टाचार नहीं देखा।

# गांवों के समग्र विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जाएं : धामी

## सीएम ने पंचायत भवनों के निर्माण के लिए धनराशि को बढ़ाकर बीस लाख रुपए करने के निर्देश दिए

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में पंचायतीराज विभाग की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गांवों के सुनियोजित विकास के लिए प्रत्येक विकासखण्ड में 5-5 गांवों को आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में कार्य किए जाएं। देश के शीर्ष 100 आदर्श गांवों की श्रेणी में उत्तराखण्ड के 10 गांवों के नाम भी शामिल हों, इसके लिए गांवों के समग्र विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम चौपाल के आयोजन में शासन के वरिष्ठ अधिकारियों और जनपदों में जिलाधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जाए। ग्राम पंचायतों के प्रबुद्धजनों के साथ बैठकर गांवों की विकास योजनाओं पर कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम सभाओं के स्थापना दिवस उत्सव के रूप में मनाये जाएं। इनमें उन गांवों के प्रवासी लोगों को प्रतिभाग करने के लिए विशेष रूप से प्रतिभागी बनाए जाएं। मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानक तय कर पंचायत भवनों का निर्माण किये जाएं। ग्राम पंचायतों में जो भी पंचायत भवन बनाए जा रहे हैं वे पर्वतीय शैली में बनाएं जाएं। जिसमें उत्तराखण्ड की विरासत की झलक हो। मुख्यमंत्री ने पंचायत भवनों के निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत की जा रही 10 लाख की धनराशि को बढ़ाकर 20 लाख रुपए करने के निर्देश दिए। गांवों में सड़क निर्माण के समय नालियां भी बनाई जाए, ताकी जल निकासी की समस्या न हो। ग्राम पंचायतों में ओपन जिम और पार्कों की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सेना और अर्द्धसैन्य बलों के शहीदों के नाम पर उनके गांवों में द्वार, स्कूल और पंचायत भवनों के नाम रखे जाएं। गांवों में शिलापटों पर शहीदों के नाम अंकित करने की व्यवस्था बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों के विकास के लिए 15वें वित्त आयोग से राज्य को प्राप्त धनराशि का योजनाबद्ध तरीके से उपयोग किया जाए। स्वच्छता, कूड़ा निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि गांवों के विकास के लिए जो भी योजनाएं बनाई जाए उनका धरातल पर पहले आंकलन किया जाए। सभी ग्राम पंचायतों में कम्प्यूटर और हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी की व्यवस्था की जाए। बैठक में कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल महाराज, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर. के सुधांशु, सचिव पंचायतीराज श्री चन्द्रेश यादव, अपर सचिव श्री आलोक कुमार पाण्डेय, निदेशक पंचायतीराज सुश्री निधि यादव, निदेशक सेतु डॉ. मनोज पंत उपस्थित थे।



## पुल टूटने पर बैली ब्रिज बनाकर सुचारू करें आवागमन : सीएम

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रदेश में आपदाग्रस्त क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्यों का निरंतर अनुश्रवण किया जा रहा है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने सचिव गृह श्री शैलेश बगोली, पुलिस महानिदेशक श्री अभिनव कुमार एवं आयुक्त गढ़वाल श्री विनय शंकर पाण्डेय को बुलाकर सचिवालय में उनसे प्रदेश में आपदा की स्थिति तथा राहत एवं बचाव कार्यों की अद्यतन जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने केदारनाथ में फंसे यात्रियों की सकुशल वापसी की व्यवस्था के साथ ही केदारनाथ पैदल मार्ग से आवाजाही भी सुनिश्चित कराने को कहा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि अतिवृष्टि के कारण सड़कें बाधित होने की स्थिति में उनको सुचारू करने में कम से कम समय लिया जाए।मुख्यमंत्री ने पुल टूटने पर बैली ब्रिज बनाकर जल्द से जल्द आवागमन को सुचारू किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि लोगों को पेयजल और विद्युत की सूचारू आपूर्ति हो। मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा मार्गों पर तीर्थयात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाएं रखने के भी निर्देश दिए हैं। यात्रा मार्ग में अतिवृष्टि के कारण यदि कहीं पर मार्ग बाधित होते हैं या आगे कोई खतरा प्रतीत होता है तो यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर रोक लिया जाए।



# डायलिसिस केन्द्र की व्यवस्थाओं में सुधार किया जाये : दीपक रावत

## मंडलायुक्त ने सोबन सिंह जीना बेस चिकित्सालय में किया निरीक्षण

नैनीताल(उद संवाददाता)। सोबन सिंह जीना बेस चिकित्सालय में पीपीपी मोड पर संचालित डायलिसिस केन्द्र में चिकित्सक के अनुपस्थित रहने पर आयुक्त दीपक रावत ने कडी नाराजगी व्यक्त की और प्रमुख अधीक्षक बेस को नियमित मानिटरिंग करने के निर्देश दिये। आयुक्त दीपक रावत ने शुक्रवार को डायलिसिस केन्द्र के निरीक्षण के दौरान चिकित्सक के अनुपस्थित रहने पर एक माह का सीसीटीवी फुटेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिये ताकि यह पता चल सके कि चिकित्सक कब केन्द्र में आ रहे है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने पाया कि डायलिसिस केन्द्र में 25 बैड पर मराजों की डायलिसिस की जाती है लेकिन बैड की स्थिति काफी खराब होने पर आयुक्त ने केन्द्र संचालक को एक सप्ताह के भीतर मरीजों के बैड ठीक कराने के निर्देश दिये साथ ही प्रमुख अधीक्षक बेस को मानिटरिंग कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये। वर्तमान में डायलिसिस केन्द्र में प्रतिदिन लगभग 70 लोगों की डायलसिस की जाती है। आयुक्त ने प्रमुख अधीक्षक बेस को निर्देश दिये कि डायलिसिस सेंटर की व्यवस्थाओं में कोई भी कमी है तो उसकी लिखित सूचना महानिदेशक स्वास्थ्य के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों को देना सुनिश्चित करें ताकि डायलिसिस केन्द्र की व्यवस्थाओं में सुधार किया जा सके। बेस चिकित्सालय निरीक्षण के दौरान मौके पर तीनों गेटों पर सुरक्षा कर्मी नदारत पाये गये और बुलाने के पश्चात काफी देर के बार उपस्थित हुये जो सुरक्षा मानकों के अनुसार ड्रेस में भी नही पाये गये। जिस पर आयुक्त ने कडी आपत्ति जताई और प्रमुख अधीक्षक को सुरक्षा कर्मियों की नियमित मानिटरिंग के साथ ही सुरक्षा कर्मी के ड्रैस कोड को भी चैक करने के निर्देश दिये। इसके पश्चात आयुक्त द्वारा अटल आयुष्मान कक्ष का निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने आयुष्मान के कक्ष के निरीक्षण के दौरान कहा कि सभी लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाय। उन्होंने कहा जिन लोगों के अभिलेख में कोई त्रुटि है तो उनका निस्तारण आयुष्मान कार्ड बनाये जांए। प्रमुख अधीक्षक बेस के कार्यालय के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कहा कि मुख्यालय के साथ ही अन्य कार्यालयों मे सभी प्रकार के पत्राचार ई-मेल के माध्यम से किये जाएं। निरीक्षण के दौरान बेस चिकित्सालय गेट के निकट आई लैंस ऑप्टिकल की दुकान द्वारा नाले व गेट पर अतिक्रमण कर टिन शैड बना दिया है जिस पर आयुक्त ने सायं 5 बजे तक टिन शैड हटाने के निर्देश दिये। इसके पश्चात श्री रावत ने केएमवीएन पार्किग के निकट सडक के निरीक्षण के दौरान लोगों द्वारा सडक पर वाहनों को पार्क किया था जिस पर उन्होंने चालान की कार्यवाही करने के निर्देश सीओ को दिये। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, सचिव विकास प्राधिकरण बीएन शुक्ल, सहायक नगर आयुक्त तुषार सैनी आदि उपस्थित थे।



## आपदा से क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों के प्रस्ताव भेजने के दिए निर्देश

नैनीताल(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने शुक्रवार को कैंप कार्यालय हल्द्वानी में वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त विभागीय परिसंपत्तियों की मरम्मत और पुननिर्माण कार्यों के संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया। बैठक में जिलाधिकारी ने बरसात के दौरान आपदा से नष्ट हुई सार्वजनिक परिसंपत्तियों के संबंध में विभागीय अधिकारियों से प्रस्ताव मांगें। कहा कि बरसात के सीजन में सड़कों, काज्वे, दीवार, कलमठ,पेयजल लाइन आदि में ज्यादा नुकसान देखने को मिलता है। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को बरसात में हुए नुकसान का मुआयना-सर्वे कर 15 दिन के भीतर प्रस्ताव देने की बात कही जिससे समय से बजट निर्गत किया जा सके। आपदा से प्रभावित क्षेत्रों की परिसंपत्तियों की मरम्मत के कार्य को प्राथमिकता से कराने की बात कही। जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित विभाग 15 दिन के भीतर क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों के प्रस्ताव अनिवार्य रूप से भेज दें। साथ ही मानकों को पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए।उन्होंने उपजिलाधिकारियों को आपदा के तहत प्रस्ताव या अन्य कागजी कार्यवाही हेतु प्रत्येक सप्ताह में तिथि और समय निर्धारित करने के निर्देश दिए। जिससे विभागीय अधिकारियों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। बैठक में अपर जिलाधिकारी पी आर चौहान, ईई लोनिवि नैनीताल रत्नेश सक्सेना, अशोक चौधरी, जल संस्थान रवि शंकर लोशाली सहित स्मस्त बीडीओ और विभागीय अधिकारी मौजूद थे।






# टोल प्लाजा का दूसरा मैनेजर दीपक भी निकला शातिर

## उप ठेका देने के नाम पर पन्नू फार्म वालों से ठगे दस लाख, न्यायियक मजिस्ट्रेट ने मुकदमा दर्ज करने के दिए निर्देश

काशीपुर /कुंडा(उद संवाददाता)। क्षेत्र के एक टोल प्लाजा का उपठेका देने के नाम पर एक व्यक्ति से 10 लाख रुपये की ठगी करने का गजब का मामला सामने आया है। पीड़ित के वकील सौरभ शर्मा द्वारा दाखिल की गई याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट जसपुर मनोज सिंह राणा ने थानाध्यक्ष कुंडा को जांच कर मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिये हैं। पन्नू फार्म, भरतपुर, कुंडा निवासी परगट सिंह पुत्र कश्मीर सिंह ने अपने वकील सौरभ शर्मा के माध्यम से न्यायिक मजिस्ट्रेट जसपुर मनोज सिंह राणा की अदालत में प्रार्थना पत्र दाखिल कर बताया कि कि उसके गांव से कुछ दूरी पर ही राष्ट्रीय राज्य मार्ग सं. 74 गुजरता है, जिस पर ग्राम जगतपुर पट्टी, तहसील जसपुर में एक टोल प्लाजा बूथ बना हुआ है। वहां से आते-जाते उसकी जान-पहचान टोल बूथ के मैनेजर दीपक सिंह से हो गई। परगट ने बताया कि एक दिन दीपक सिंह ने बताया कि उनकी कम्पनी कोरल एसोसिएट्स, उदयपुर,



राजस्थान इस टोल बूथ का उपठेका देना चाहती है, तुम चाहो तो उक्त ठेका तुम ले लो। कुछ समय बाद दिनांक 01.05. 2024 को दीपक सिंह ने उससे कहा कि आज कम्पनी के अधिकारी टोल बूथ पर निरीक्षण करने आये हैं, यहां आकर उनसे आमने सामने बात कर लो।परगट ने बताया कि इसके बाद वह टोल प्लाजा पर पहुंचा तो दीपक सिंह ने उसकी मुलाकात कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि जितेश व अन्य दो-तीन व्यक्तियों से कराई। जितेश ने कहा कि वह उसे ठेका दिला देगा इसके लिए उसे कम्पनी को सिक्योरिटी के रूप में दो बार में 5 लाख 5 लाख करके 10 लाख रुपये देने होंगे। इसके बाद उसने दीपक सिंह को 5 लाख रुपये नकद दिये और उससे कहा कि उसे उपठेका दिलवा दे। दिनांक 10.05.2024 को दीपक सिंह ने फोन किया कि तुम्हारा ठेका हो गया है बाकी के 5 लाख रुपये ले आओ और अपना लेटर ले जायो। जिसके बाद दिनांक 10.05.2024 को 5 लाख रुपये लेकर गुरदेव के साथ टोल बूध पर पहुंचा और दीपक को 5 लाख रुपये दीपक सिंह को दे दिये। जिसके बाद दीपक सिंह ने कोरल ऐसोसिएट कम्पनी द्वारा जारी लेटर दिनांकित 10.06.2024 उसे दे दिया और कहा अब टोल बूथ का उपठेका उसके नाम हो गया है और अब वह टोल वसूली का कार्य कर सकता है।परगट ने बताया कि इसके बाद उसने टोल प्लाजा पर टोल वसूली का कार्य शुरू कर दिया। दिनांक 17.05.2024 को सुबह 10.00 बजे आसपास के गांवों के काफी सारे दबंग किस्म के नेता टाईप के लोग टोल बूथ पर आ गये और कहने लगे कि ये किसान यूनियन के नेता हैं, ये टोल फ्री किया जायेगा। उन्होंने उनसे कहा कि टोल वसूली का उपठेका उसके पास है, टोल फ्री नहीं किया जा सकता, इससे उसे काफी नुकसान हो जायेगा। जिस पर वे लोग उसके साथ गाली गलौच करते हुए धरने पर बैठ गये, जिससे मार्ग के दोनों और गाड़ियों की लम्बी लम्बी कतारें लग गई। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस जाम खुलवाने वहां पहुंचीं तब उसने पुलिस से उक्त करमजीत सिंह कम्मा व अन्य लोगों की शिकायत की तो पुलिस ने उल्टे उसे ही डांटना डपटना शुरू कर दिया।परगट ने पुलिस को कंपनी द्वारा जारी पत्र दिखाया तो पुलिस ने कहा कि यह पत्र फर्जी है, ऐसा कोई उपठेका नहीं होता है। उसने एसपी काशीपुर के सामने ही उक्त दीपक सिंह को फोन लगाया तब दीपक सिंह ने कहा कि उन्होंने किसी को कोई उपठेका नहीं दिया है। कम्पनी का ठेका तो दिल्ली से केन्द्र सरकार करती है। इस प्रकार दीपक सिंह ने उससे 10 लाख रुपये ठग लिये। याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट जसपुर मनोज सिंह राणा ने आदेश देते हुए कहा कि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा-175 (3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता स्वीकार किया जाता है। थानाध्यक्ष कुण्डा, जिला उद्यम सिंह नगर को आदेशित किया जाता है कि सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर, अन्वेषण स्वयं अथवा किसी सक्षम अध ीनस्थ से कराया जाना सुनिश्चित करें।

### तत्कालीन मैनेजर दुबे भी था विवादित

काशीपुर। इसके पूर्व जसपुर रोड स्थित टोल प्लाजा का जिस कंपनी के पास ठेका था उसका मैनेजर भी काफी समय तक अलग-अलग मामलों में विवादों में रहा। आसपास के ग्रामीण उससे हलाकान थे। ग्रामीणों का आरोप था कि रात को शराब के नशे में चूर होकर तत्कालीन टोल प्लाजा का मैनेजर ऐशो आराम की डिमांड किया करता था। कुंडा थाने में तत्कालीन टोल प्लाजा के मैनेजर के खिलाफ भी गंभीर मामले में मुकदमा दर्ज है। सूत्रों के मुताबिक आजकल वह लखनऊ के आसपास कहीं महफूज ठिकाना बनाए हैं।

# अजय भट्ट ने संसद में उठाया वन्य जीवों का मामला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नैनीताल एव उधम सिंह नगर के सांसद एवं पूर्व मंत्री अजय भट्ट ने नियम 377 मे वन्य जीव एवं मानव संघर्ष की गंभीर चुनौती के बारे में सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि वन्य जीवों के कारण जहा सैकड़ों लोगों ने अपनी जान गवाई है, वही फसलों के व्यापक नुकसान के कारण लोग पलायन के लिए मजबूर है। उन्होंने कहा कि वन्य जीवों के आतंक के कारण किसान खेती करने में असमर्थ है। मजबूरी में लोग क्रॉप पैटर्न चेंज (फसल परिवर्तन) करने को मजबूर है, क्योंकि उनके आगे भुखमरी की स्थिति पैदा हो रही है, कुछ दुरुस्थ गांव खाली हो चुके है। श्री भट्ट ने केंद्र सरकार से मांग की है कि, सरकार इस समस्या को गंभीरता से लिए हुए हितधारकों, नीति निर्माताओं, राज्य केंद्र सरकारों, कानून विभाग, वन्य विभाग, कृषि विभाग, मीडिया एवम गैर सरकारी संस्थाओं में समन्वय स्थापित करते हुए अल्पकालिक एवम दीर्घ कालिक कारगर कदम उठाए। श्री भट्ट ने कहा इसके अतिरिक्त सौर ऊर्जा आधारित तारा बाड़, भूमि नियोजन, इको टूरिज्म, पर्यावरण सेवा कर, ग्रीन बोनस जैसे सुझावों पर शीघ्र अमल करे, तथा किसानों को इसचुनौती से निपटने के लिए प्रशिक्षण एवम सुरक्षा देकर फसल परिवर्तन के लिए संसाधन उपलब्ध कराकर वन्य जीव कानूनों को और जनउपयोगी बनाए, ताकि किसान एवम वन्य जीवों को संघर्ष से निजात मिल सके एवम किसान सुरक्षित रहकर पूर्ववत कृषि कार्य कर सकें।



### काठगोदाम से मुंबई ट्रेन रेगुलर चलाने की मांग

रूद्रपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अजय भट्ट ने सदन में काठगोदाम और रामनगर बांद्रा मुंबई तक चलने वाली रेलगाड़ी को रेगुलर चलाने की मांग की। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट ने लोकसभा सदन में शून्य काल के दौरान उठाए गए प्रश्न में कहा कि कुमाऊं मंडल से मुंबई के लिए काठगोदाम और रामनगर बांद्रा सप्ताह में एक दिन चलती है जबकि यहां से मुंबई और मुंबई से यहां पर्यटन के क्षेत्र में लोगों का आना-जाना बड़ी मात्रा में लगा रहता है इसलिए एक दिन ट्रेनका संचालन होना नाकाफी है उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार से मांग की है कि रामनगर से बांद्रा, और काठगोदाम से मुंबई तक के संचालित साप्ताहिक ट्रेन को रेगुलर या कम से कम सप्ताह में तीन दिन किया जाना चाहिए। जिससे कि पर्यटन के क्षेत्र में वह अन्य गतिविधियों में यात्रियों को पर्यटकों को सुविधा हो सके।

# रामलीला कमेटी अनाज मण्डी के बजाज पुनः अध्यक्ष

## अशोक धीर महामंत्री, कृष्ण लाल कोषाध्यक्ष बने

गदरपुर (उद संवाददाता)।श्री रामलीला कमेटी अनाज मंडी की एक बैठक सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष अशोक हुड़िया ने की।बैठक में सर्वप्रथम पिछले वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया।जिसको सदन में उपस्थित सभी लोगों ने सर्वसम्मति से पारित किया।तदोपरांत कमेटी के अध्यक्ष रविन्द्र बजाज ने अपने गत वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियाँ बताते हुए सम्पूर्ण सदन का उनके सहयोग के लिए आभार प्रकट करते हुए अपनी पूरी कार्यकारिणी का त्यागपत्र सदन को सौंपा। त्यागपत्र के पश्चात नयी कार्यकारिणी के गठन पर विचार विमर्श हुआ।सदन ने ध्वनिमत से पुनः एक बार श्री बजाज को अध्यक्ष पद पर सेवा करने का प्रस्ताव किया।इस पर सदन की आवाज को शिरोधार्य करते हुए श्री बजाज ने पुनः एक वर्ष के लिए पदभार ग्रहण किया।इस अवसर महामंत्री पद पर अशोक धीर,कोषाध्यक्ष पद पर कृष्ण लाल अनेजा,निर्देशक पद हेतु अशोक पोपली तथा नाट्य कला परिषद के अध्यक्ष हेतु अशोक सुधा का भी सर्वसम्मति से चुनाव हुआ। चुनाव के पश्चात श्री बजाज ने पूरे सदन का धन्यवाद किया तथा बताया कि 30 सितंबर को लीला मंचन प्रारंभ होगा तथा 12 अक्तूबर को विजयदशमी का पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। इस दौरान श्याम लाल सुखीजा, अशोक भुड्डी,राज कुमार भुड्डी,विजय छाबड़ा, विशु भुसरी,जगदीश भुड्डी, निर्मल नारंग,बलदेव धींगड़ा,अनिल सुधा, सतीश छाबड़ा, मुलखराज,राजू कुमार,रोहित पोपली,अजय खेड़ा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।







# सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन 7 अगस्त को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला सेवायोजन अधिकारी राजेश दुर्गापाल ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय रूद्रपुर में 7 अगस्त को प्रातः 10.30 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। जिसमे सिडकुल पंतनगर में स्थापित सुन्दरम फास्टनर्स लि0 व नील मेटल प्रोडक्स लि0 के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। उन्होने बताया कि सुन्दरम फास्टनर्स लि0 सिडकुल पंतनगर हेतु डिप्लोमा ट्रेनीज के 15 पदों के लिए मैकेनिकल, इलैक्ट्रीकल, ऑटोमोबाइल, केमिकल में डिप्लोमा रखने वाले 21 से 25 आयु वर्ग के युवा प्रतिभाग कर सकते है। चयनित अभ्यर्थी को प्रतिमाह 11460 रूपये वेतन एवं उपस्थिति प्रोत्साहन 500 रूपये प्रतिमाह की दर से दिया जायेगा एवं औद्योगिक संस्थान नील मेटल प्रोडक्स लि0 पंतनगर हेतु आईटीटी ट्रेनीज के 25 पदों के लिए फिटर, टर्नर एवं वेल्डर में आईटीआई किये गये 18 से 30 आयु वर्ग के युवा प्रतिभाग कर सकते है। चयनित अभ्यर्थी को प्रतिमाह 12000 रूपये वेतन एवं अन्य प्रोत्साहन राशि के रूप में 1500 रूपये प्रतिमाह की दर से दिया जायेगा। उन्होने बताया कि उक्त पदों हेतु साक्षात्कार के आधार पर अभ्यर्थी का चयन किया जायेगा। उन्होने बताया कि उक्त शैक्षिक योग्यता धारक इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों की छायाप्रति, फोटो एवं अपने सी.वी. (बायोडाटा) के साथ रोजगार मेले में स्वयं के व्यय पर प्रतिभाग कर रोजगार के अवसर का लाभ ले सकते है। उन्होने बताया कि अधिक जानकारी हेतु दूरभाष संख्या-05944-250691 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# इंस्पिरेशन स्कूल में हीरोइक हेल्पर कार्यक्रम आयोजित

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल के प्रागण में 'हीरोइक हेल्पर' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, उप-प्रध ानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा तथा समन्वयक प्रियंका शर्मा द्वारा किया गया। कक्षा नर्सरी, एल0के0जी0, यू0के0जी0 तथा कक्षा एक और दो के नन्हें बच्चों द्वारा सफाई कर्मी, अंतरिक्ष यात्री, डॉक्टर, किसान, सैनिक, अध्यापक, सब्जी वाला, लाइफ गार्ड, शैफ आदि का किरदार बखूबी निभाया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लवांश जोशी (नर्सरी), श्रेयांश बल्यूटिया, मो0 जोहान, ध्रुवी बिष्ट, दक्षेस, श्रैष्ठ अग्रवाल (एल0के0जी0) एव परिक्षित राठौर, यशस्वी जोशी (यू0के0जी0), लक्ष्य बहुगुणा, अमीना नावेद (कक्षा 1), नव्या दसौनी, इनाया आलम, रूद्राणी रावत (कक्षा 2), रचित, देर्वाश एस0 कठायत (नर्सरी), दिव्येश, दिविजा राज (एल0के0जी0), जपलिन कौर, पुलुत्विक मंडल, आशवी आर्या, लेविश जोशी (यू0के0जी0), ईशान जोशी, प्रखर आजाद, मानवी केसरवानी, अरून जोशी (कक्षा 1), मनित गोयल, फायजा जनैद, अरूणाभ साह, श्रेयांश अरोरा (कक्षा 2) ने द्वितीय स्थान तथा तीसरे स्थान के प्रतिभागी थे। शिवांश जोशी (नर्सरी), लावान्या राना, एदविक तिवारी, अदीना बिष्ट (एल0के0जी0), जिविशा आर्या, हर्षिततिवारी,नब्या बिष्ट , हृदांश जोशी, रेयांश देवली (यू0के0जी0), काव्यका काण्डपाल, सृष्टि बत्रा, जयवर्धन आर्या, हर्षवर्धन चंद (कक्षा 1), काशवी, श्रेया नैनवाल, एडविक परिहार, आव्या खरकोटी (कक्षा 2) थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मधुरिमा तथा गरिमा ने किया। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का कार्यक्रम में सहयोग सराहनीय था।




# कांवड़ियों ने बेलबाबा मंदिर में किया जलाभिषेक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजपुरा शंभु सुताय द्वारा आयोजित कावड़ यात्रा में गये कावड़ियों ने रामपुर रोड स्थित बेल बाबा मंदिर में जलाभिषेक किया। तत्पश्चात राजपुरा के सभी मंदिरों में जल अभिषेक किया समिति के पंकज कश्यप व हेमन्त साहू ने बताया 70 सदस्यीय दल हरिद्वार से पैदल जल लेकर विभिन्न स्थानों में रुकते हुए एक सप्ताह में वापस हल्द्वानी पहुंचा। इस मौके पर नन्हे कश्यप, मनोज कुमार, योगेश शर्मा, प्रीति आर्या, अंकुर कश्यप, सुमित कश्यप, अमन आर्य, महेश शर्मा, अरविंद शर्मा, हिमांशु गुप्ता, हिमांशु पाल, गंगाराम कश्यप, रोहित शर्मा, लखन कुमार, लाल कश्यप, अमन राठौर, बल्लू राठौर, रजत गुप्ता, गोलू वाल्मीकि, गौतम वाल्मीकि, दिवाकर समेत तमाम भक्त थे।



# विशाल रक्तदान शिविर कल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद एवं नारायण हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर की ओर से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन कल 4 अगस्त को बिलासपुर स्थित छाबड़ा हॉस्पिटल में किया जायेगा। जानकारी देते हुए नारायण अस्पताल के ब्लड बैंक प्रभारी राजन सिंह ने बताया कि भारत विकास परिषद एवं नारायण अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर की ओर से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन छाबड़ा हॉस्पिटल बिलासपुर में कल 4 अगस्त को प्रातः 9 बजे से दोपहर एक बजे तक किया जायेगा। रक्तदान शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख एवं विशिष्ठ अतिथि बिलासपुर के पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक दीपक गुप्ता एवं संचित अग्रवाल ने रक्त दान के लिए अधिक से अधिक संख्या में लोगों से पहुंचने की अपील की है।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# तबाही के खौफनाक मंजर

बरसात का मौसम हर वर्ष विकराल तबाही के मंजर लेकर आने लगा है। पहाड़ी इलाकों में तो हर वक्त बुरी खबर की आशंका बनी रहती है। अभी तक उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भारी बरसात से जमीन धंसने, घर, पुल, सड़कें, वाहन आदि बह जाने से सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं, सैकड़ों लापता हैं। हजारों लोग जहां-तहां फंसे हुए हैं, जिन्हें निकालने की कोशिशें जारी हैं। इसी हफ्ते केरल के वायनाड में भी भारी तबाही हो गई। भूस्खलन में पूरे के पूरे कई गांव खत्म हो गए। मरने वालों की संख्या दो सौ के करीब पहुंच रही है, बहुत सारे लोग लापता हैं। ऐसे में फिर से वही सवाल उठने लगे हैं, जो कई वर्ष से उठते रहे हैं।इस मुसीबत की बरसात में सबसे प्रमुख सवाल यह उठ रहा है कि बरसात और उससे होने वाली तबाही को लेकर पहले से चेतावनी जारी करने का कोई भरोसेमंद तंत्र क्यों विकसित नहीं किया जाता, जिससे लोगों को समय रहते जोखिम वाली जगहों से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सके। वायनाड के मामले में केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि वहां तीन-चार दिन पहले ही चेतावनी जारी कर दी गई थी कि बारिश से भारी तबाही हो सकती है, मगर राज्य सरकार ने उसे गंभीरता से नहीं लिया। मगर राज्य सरकार ने ऐसी किसी चेतावनी से इंकार किया है।अब विशेषज्ञों ने जोर देकर कहा है कि बारिश और भूस्खलन को लेकर पूर्व चेतावनी का व्यावहारिक तंत्र विकसित करने की जरूरत है। बरसात के बारे में चेतावनी मौसम विभाग जारी करता है। मगर अक्सर उसके पूर्वानुमान भरोसेमंद साबित नहीं होते। अनेक ऐसे उदाहरण हैं, जब वह बरसात से होने वाले नुकसान का सही-सही अंदाजा नहीं लगा पाया। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के पहाड़ों की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। अंधाधुंध चली विकास परियोजनाओं के चलते अनेक जगहों पर पहाड़ हिल चुके हैं, उनकी मिट्टी भुरभुरी हो चुकी है। जैसे ही तेज बरसात होती है, पहाड़ धंसने लगते हैं। उन पर बने घर, सड़कें और पुल ध्वस्त हो जाते हैं। बरसात की बदलती प्रकृति भी अब किसी से छिपी नहीं है। हिंद महासागर के गर्म होने से इस मौसम में बादल तेजी से बनते और मोटी बूंदों के रूप में बरसने लगते हैं। बादल फट पड़ते हैं। कम समय में बरसे अधिक पानी को पहाड़ झेल नहीं पाते। वायनाड के बारे में भी तथ्य छिपे नहीं थे। वहां का काफी बड़ा इलाका जोखिमभरा है। मिट्टी भुरभुरी होने की वजह से वहां भूस्खलन का खतरा हमेशा बना रहता है। मौसम विभाग और भूसर्वेक्षण से जुड़े महकमे अगर परस्पर तालमेल कर अध्ययन करें, तो बरसात के समय होने वाले नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता है। जोखिम वाले इलाकों पर बारीकी से नजर रखी जाए, तो समय रहते वहां से लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया जा सकता है। जलवायु परिवर्तन के खतरे दिनों-दिन बढ़ रहे हैं। मगर उसके मद्देनजर न तो विकास परियोजनाओं का आकलन किया जाता है और न संवेदनशील जगहों पर सुरक्षा के लिहाज से एहतियाती उपाय किए जाते हैं। बरसात के समय हादसे हो जाने के बाद सब सक्रिय नजर आते हैं, जिन्हें राजनीति करनी होती है, वे उन पर राजनीति भी करते हैं। मगर इस सबके बीच जिन लोगों की जिंदगियां खत्म हो जाती हैं, जिनके घर-परिवार, मवेशी, जमीन-जायदाद नष्ट हो जाते हैं, उनकी भरपाई कभी नहीं हो पाती।

# गुरुकुल में संघ प्रमुख की पाठशाला

सेवा, संकल्प, समर्पण, देशभक्ति, संस्कार, अनुशासन, धर्म, गुरुकुल सरीखे शब्दों की चोटीपुरा, अमरोहा के श्रीमद् दयानन्द कन्या गुरुकुल महाविद्यालय में उपनयन संस्कार समारोह पर गहन व्याख्या की अनूठी पाठशाला चली। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत कभी इस पाठशाला में बतौर चांसलर, कभी अभिभावक तो कभी संघ प्रमुख के रूप में नजर आए। छह घंटे के प्रवास में उन्होंने नवनिर्मित संस्कृति-नीडम् का उद्घाटन किया। उपनयन संस्कार समारोह के यज्ञ में बतौर दत्तक पिता की भूमिका निभाई। रूद्राक्ष का पौधारोपण किया, संग ही दयानन्द कन्या गुरुकुल की छात्राओं के देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रमों के साक्षी बने। गुरुकुल की छात्राओं के प्रश्नों का तर्कसंगत जवाब दिया। संस्कृत के श्लोक भी सुने और सुनाए। गुरुकुल की छात्राओं ने संघ प्रमुख के नाम को केन्द्र में रखते हुए मंचन के माध्यम से श्रीकृष्ण-अर्जुन संवाद प्रस्तुत किए। रथ के संग-संग श्रीकृष्ण और अर्जुन के अलावा कौरव-पांडव सेनाओं के रंग-बिरगे परिधान में महाभारत के युद्ध की जीवंत प्रस्तुति दी। गुरुकुल में संघ प्रमुख अपने भव्य स्वागत, वहां के अनुशासन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अभिभूत नजर आए। जाते-जाते वे नई शिक्षा नीति के विशेषज्ञों को गुरुकुल जैसे शिक्षण संस्थानों में भी भ्रमण करने की अनमोल राय दे गए। **धर्मोन्नति-देशोन्नति एक:** देश और धर्म अलग नहीं हो सकते हैं। धर्म ही देश है और देश ही धर्म है। धर्मोन्नति से ही देशोन्नति होती है। सृष्टि के बनने, चलने और विलीन होने का नियम ही धर्म है। सनातन धर्म तब से है, जब से दुनिया बनी है। भारत विविधताओं का देश है। सम्पूर्ण संस्कृति की विविधता ही धर्म है। यहां देश और धर्म को अलग मानना ठीक नहीं है। अभ्युदय और नि:श्रेयस की प्राप्ति कराए, वही धर्म है। धर्म के आधार पर अनेक रास्ते बनते हैं, लेकिन इसका लक्ष्य सत्य का पाना ही है। सत्यार्थ का प्रकाश हमारे दिल में होना चाहिए। धर्म की रक्षा करते हुए देश हित के लिए काम करना चाहिए। हमें अपने धर्म और आचरण की संस्कृति को सम्पूर्ण विश्व को प्राप्त करना चाहिए। धर्मोत्थान से ही देशोत्थान है। **गीता शब्द नहीं, एक जीवन:** महाभारत काल में अर्जुन के बलशाली होने के



बावजूद गीता के उपदेश के लिए भगवान श्रीकृष्ण की जरूरत पड़ी थी, लेकिन आज इन सबके अभाव में गीता सबको उपदेश देने में सफल होगी? श्रीकृष्ण तो सत्य है, जो सत्य है उसका अभाव नहीं होता। जिसका अभाव होता है, वह सत्य नहीं है। भारत में योगेश्वरों की कभी कमी नहीं रही। न पहले रही और न अब है, लेकिन अब धनुर्धर पार्थ चाहिए। ऐसे लोग चाहिए, जो कर्तव्य के लिए धनुष उठाने के लिए तैयार रहें। गीता एक शब्द नहीं, जीवन है। गीता ज्ञान की प्राप्ति को अपने जीवन को संकल्पित करें। समाज में कर्मयोग करें। श्रीमद् भागवत गीता के श्लोकों को आत्मसात करें। गीता ज्ञान स्वंय ही मिल जाएगा। **नेपथ्य में नारी की बड़ी भूमिका:** राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के विस्तार में महिलाओं की कितनी भूमिका है? क्या संघ में नारी उत्थान के लिए काम किए जाते हैं? महिलाओं की प्रत्यक्ष तौर पर संघ में कोई भूमिका नहीं है, लेकिन नारी पर्दे के पीछे बड़ी भूमिका का निर्वाह करती है। संघ में करीब चार हजार स्वंयसेवक अविवाहित हैं, जबकि लाखों स्वंय सेवक गृहस्थ जीवन में रह कर संघ के लिए काम करते हैं, क्योंकि उनके परिवार की माताएं-बहनें संघ के लिए समर्पण का भाव देती है। मातृ शक्ति के लिए राष्ट्र सेविका समिति नामक संगठन है। इसकी हजारों शाखाएं महिलाओं के लिए काम कर रही हैं। 1933 में केशव बलिराम हेडगेवार जी के सम्मुख नारी को संघ में शामिल करने का प्रस्ताव आया था। हेडगेवार जी की पहल पर ही राष्ट्र सेविका समिति का गठन हुआ। **संघ का आदेश हमेशा सर्वोपरि:** जीवन के उन संघर्षों को सुनना और समझना चाहेंगे, जिन्हें पार करके आप इस ऊंचाई तक पहुंचे हैं। यह भी जानने की प्रबल उत्सुकता है, संघ प्रमुख होने के नाते प्रधानमंत्री बनना आपके लिए सहज था, लेकिन आपने ऐसा क्यों नहीं किया? संघ में मैं अकेला ऐसा नहीं हूं, बल्कि संघ के सभी कार्यकर्ता ऐसे ही होते हैं। संघ जैसा रखता है, वैसे ही रहते हैं। व्यक्तिगत इच्छा से कुछ नहीं होता है। हम अपनी बुद्धि, मन और शरीर पर वास्तविकता का आवरण करें। अहंकार को हावी न होने दें। सबकुछ होने के लिए यहां नहीं आते हैं। केवल देश और देशभक्ति के लिए काम करना होता है। किसी भी स्वंयसेवक या अकेले में प्रधानमंत्री से भी पूछोगे तो वह शाखा में जाने की इच्छा जताएगा। संघ का आदेश ही सर्वोपरि होता है। **संघ प्रमुख ने की अपने नाम की व्याख्या:** आपके नाम के दोनों शब्द ईश्वर का स्मरण कराते हैं। आपके इस नाम को रखने के पीछे उद्देश्य है? यह तो मुझे नहीं मालूम। मेरा नाम भी आप ही तरह परिजनों ने दिया है। एक वृतांत साझा करते हुए बोले, वह एक बार स्वंयसेवक के घर गए थे। वहां उन्होंने बच्चे का नाम पूछा, पिता बोले- बेटे का नाम विवेक रखा है। वह ऐसा है, इसीलिए नहीं रखा है। वह ऐसा बने, इसीलिए रखा है। भागवत मेरे कुल का नाम है। शायद मेरे पूर्वज भक्ति का काम करते होंगे। भक्ति का प्रचार करने वाले भागवत कहलाते हैं। मैं तो देशभक्ति का प्रचार करता हूं, लेकिन देश और देव भक्ति में कोई अंतर नहीं मानता हूं। उन्होंने अंग्रेजी शब्द पर्सनेलिटी डवलपमेंट का भी अपनी तरह से व्याख्यित किया। समारोह में केन्द्रीय संस्कृत विश्व विद्यालय, नई दिल्ली के कुलपति आचार्य प्रो. श्रीनिवास वरखेडी ने अपने आशीर्वचन में कहा, राष्ट्र निर्माण में यह गुरुकुल महाविद्यालय महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वीं जयन्ती पर आयोजित इस समारोह में संघ प्रमुख की गरिमामयी उपस्थिति हमारे लिए संबल है। गुरुकुल की प्राचार्या डॉ. सुमेधा ने गुरुकुल की प्रगति आख्या विस्तार से प्रस्तुत की। उन्होंने गुरुकुल के सपनों के संकल्प से लेकर सिद्धि तक अपने अनुभवों को साझा किया। डॉ. सुमेधा बोलीं, यह गुरुकुल स्वावलंबन का ध्वज है। निष्ठा, लगन और ईमानदारी का प्रतिफल है। इस सुअवसर पर उन्होंने दोनों अतिथियों को गुरुकुल का प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया।

-श्याम सुंदर भाटिया, लेखक सीनियर जर्नलिस्ट और रिसर्च स्कॉलर हैं)

# कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने सरकार का फूंका पुतला

बागेश्वर(उद संवाददाता)। बागेश्वर में एनएसयूआई और एबीवीपी कार्यकर्ताओं केडिग्री कालेज के बीएड संकाय हॉल में आरएसएस के साथ गुरु दक्षिणा कार्यक्रम में हुआ विवाद अब राजनीतिक रूप ले चुका है। छात्रों की बहस को कुछ दबंगो की वजह से मारपीट में बदल दिया गया।उन्होंने झगड़े में सत्ता की हनक में एनएसयूआई कार्यकर्ताओ पर एक तरफा मुकदमा दर्ज कर छात्र संघ अध्यक्ष सहित एनएसयूआई कार्यकताओं को सता की हनक में जबरन झूठे आरोप लगाकर लूटपाट डकैती जैसी धाराए लगाने को अव्यहारिक बताया। साथ ही मामले में अभाविप कार्यकर्ताओं और भाजपा के कुछ नेताओं को बचाने का आरोप लगाया। वही पुलिस द्वारा एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की शिकायत पर कोई ध्यान नहीं देने और उन्हें जबरन झूठे मुकदमे लगाने का झूठा कृत्य करने को गलत बताते हुए मामले में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के साथ हुए अन्याय के विरुद्ध सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाने का संकल्प लिया। यूथ कांग्रेस द्वारा विकास भवन तिराहे पर



पुलिस प्रशासन और बीजेपी सरकार का पुतला दहन किया है। यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने कहा की पुलिस द्वारा सत्ता के दबाव में आकर जल्दबाजी में मुकदमा कर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को जेल भेजा है। जो कही भी न्यायोचित नहीं है। उन्होंने एबीवीपी के कार्यकर्ताओं सहित कालेज परिसर में आए भाजपा समर्थित कार्यकर्ताओं सहित भाजयुमो जिलाध्यक्ष पर भी मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की मांग की।साथ ही प्रदेश के विभिन्न कॉलेजों में कार्यकर्ताओं द्वारा छात्र नेताओं के साथ हुए अन्याय के विरुद्ध आंदोलन जारी रखने की बात कही।वही बाद में विकास भवन तिराहे पर विरोध में सरकार का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्रर भुल्लर,कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला, जिला महामंत्री कवि जोशी, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोकुल परिहार, अंकुर उपाध्याय, छात्र संघ अध्यक्ष कपकोट गणेश कोरंगा, अजय कुमार, सूरज कुमार, सुनील कुमार, दिवाकर तिवारी, निकिता बाराकोटी, आशा नेगी, नेहा, प्राची कोरंगा आदि मौजूद रहे।

# एनएसएस के 12 स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान

गरुड़(उद संवाददाता)। सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय गरुड़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर 12 स्वंयसेवकों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम संयोजक व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अवधेश तिवारी ने महाविद्यालय के समस्त स्वयंसेवियों को रक्तदान जैसे महादान के लिए अपना सहयोग प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। इस




कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष चिन्मय पांडे एवं उनकी कार्यकारिणी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे अपना योगदान दिया। इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य डॉ शिवप्रकाश राय, शेर राम, डॉ लता आर्या आदि ने छात्रों का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान ब्लड सेंटर टीम बागेश्वर की डॉ सावित्री, टेक्नीशियन पुष्प बिष्ट, नर्सिंग स्टाफ योगेश, निशा ,चंद्रा आदि ने रक्तदान शिविर संपन्न कराया। शिविर में 14 रक्तदाता रक्तदान में योग्य पाए गए, जिनमें 12 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

# डीएम ने चौराहों के चौड़ीकरण कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने हल्द्वानी शहर में चल रहे 13 चौराहों के चौड़ीकरण की प्रगति के संबंध में राजस्व, लोनिवि, विद्युत और अन्य विभाग के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में डीएम ने कहा कि वन विभाग द्वारा पेड़ों के ट्रांसप्लांट के दौरान तकनीकी रूप से मॉनिट्रिंग की जाएगी। इसके साथ ही चौराहों के चौड़ीकरण के समय यूटिलिटी शिफ्टिंग और अन्य समस्याओं के निस्तारण हेतु सिटी मजिस्ट्रेट और एसडीएम को विभागों के साथ समन्वय कर निस्तारित करने के निर्देश दिए। डीएम ने कॉल टैक्स, देवलचौड चौराहे के चौड़ीकरण कार्य में तेजी लाने हेतु लोनिवि को सिंचाई, जल संस्थान और अन्य विभागों के साथ समन्वय कर कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। महिला और बेस अस्पताल की बाउंड्री, टैंक, ट्रांसफार्मर और अन्य प्रकार की यूटिलिटी शिफ्टिंग हेतु मुख्य



नगर आयुक्त और एसडीएम हल्द्वानी को मौके पर जाकर स्थल चिन्हित करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई ने बताया कि वर्तमान में नरीमन चौराहे में पोल शिफ्टिंग का कार्य गतिमान है। लाल डांट में पोल शिफ्टिंग और ट्रैफिक लाइट को शिफ्ट किया जाना है जिस संबंध में कार्य प्रगति पर है। लामाचौड़, कुसुमखेड़ा, कठघरिया चौराहे में किसी प्रकार की समस्या नहीं है, कार्य में तेजी लाई जाएगी जिससे समय से कार्य पूर्ण हो सके और हल्द्वानी शहर को काफी हद तक जाम की समस्या से निजात मिल सके। बैठक में सचिव प्राधिकरण विजय नाथ शुक्ल, ईई लोनिवि अशोक चौधरी, आरईएस केके जोशी सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# घर घर जाकर पौधे रोपित किए

गरुड़(उद संवाददाता)। राष्ट्रपति व तरुश्री पुरस्कार से सम्मानित राजकीय जूनियर हाईस्कूल मटेना के प्रधानाध्यापक डीएल वर्मा ने ग्रीनलैंड मूवमेंट अभियान शुरू कर दिया है। इसके तहत उन्होंने घर-घर जाकर लोगों को विभिन्न प्रजाति के पौधे वितरित किए और पौधारोपण भी किया। मटेना ग्राम पंचायत के राजस्व गांव सेलखोला, पिरियापानी, भंडारीधार, स्यालाटीट व अमोली आदि गांवों में प्रधानाध्यापक डीएल वर्मा ने पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया। पर्यावरण के संरक्षण के लिए शिक्षक वर्मा कई वर्षों से ग्रीनलैंड मूवमेंट व पौधा मेरे आंगन का नवाचार चला रहे हैं। उन्होंने




विद्यालय में चेली वाटिका भी बनाई है। उन्होंने गांवों में घर-घर जाकर लोगों को अनार, नीबू, माल्टा, आंवला समेत विभिन्न प्रजाति के पौधे वितरित किए। उनका रोपण भी किया और ग्रामीणों को उनकी सुरक्षा करने का संकल्प दिलाया। इस दौरान इको क्लब प्रभारी ख्याली दत्त जोशी, संतोष वर्मा, मंजू देवी, चंद्रा देवी, पल्लवी, भावना आदि थे।

# दहेज उत्पीड़न के तीन मामलों में 17 नामजद

काशीपुर(उद संवाददाता)। दहेज उत्पीड़न के तीन अलग-अलग मामलों में पुलिस ने तहरीर के आधार पर महिलाओं समेत कुल 17 लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पहली घटना के बारे में मोहल्ला लक्ष्मीपुर पट्टी निवासी दीप पत्नी हेमंत कुमार ने बताया कि शादी की कुछ समय बाद से ही ससुराल वालों का व्यवहार उसके प्रति बदल गया। पुलिस को दी तहरीर में पीड़िता ने बताया कि शुगर मिल धामपुर जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश निवासी पति हेमंत, ससुर यादराम, नंद रेनू व रुचि, कमलेश पुत्र यादराम तथा उसके भाई ओंकार द्वारा आपस में एक राय होकर दहेज की खातिर उसकी बुरी तरह उत्पीड़न करने लगे। विरोध करने पर उपरोक्त सभी आरोपियों द्वारा उसे जान से मारने की धमकी दी जाती थी। इसी तरह दहेज के एक अन्य मामले में मोहल्ला कटोरा ताल काशीपुर आंखों के अस्पताल के सामने निवासी लक्ष्मी सिंह पत्नी आशीष कुमार का आरोप है कि कुछ समय पूर्व उसकी शादी मिल रोड करेटा, संजय गांधी मूर्ति के पास, भुईयन देवी मंदिर ऐशबाग लखनऊ निवासी मनोज कुमार वर्मा के पुत्र आशीष कुमार के साथ धूमधाम से हुई। विनीता का आरोप है की शादी की कुछ दिन ठीक-ठाक भी थे इसके बाद पति आशीष कुमार ससुर मनोज कुमार स सुमन देवी नंद आयुषी, साक्षी व अर्चना के अलावा हर्ष वर्मा आपस में एक राय होकर कार तथा 5 लाख रूपपों की नगदी की खातिर उसे बुरी तरह प्रताड़ित करने लगे। इस बीच कन्या पक्ष ने लोभी ससुरालयों को तमाम समझाने का प्रयास किया लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आए और विवाहिता को धक्के मार कर घर से बेघर कर दिया। इसी तरह दहेज उत्पीड़न के एक अन्य मामले में मोहल्ला कवि नगर काशीपुर निवासी भावना जोशी पत्नी सौरभ जोशी ने बताया कि दहेज में 5 लाख रूपपों की नगदी तथा कार न मिलने के कारण ससुराल द्वारा उसे मौत के घाट उतारने की धमकी दी जा रही है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि द्वारिका पुरम मंजरी माफी देहरादून निवासी पति सौरभ जोशी, गिरीश चंद्र जोशी, पदमा जोशी तथा ज्योति जोशी आपस में एक राय होकर दहेज की खातिर उसके लिए काल बन चुके हैं। उपरोक्त लोगों ने उसे पूर्व में कई बार मौत के घाट उतारने का प्रयास किया। पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के उपरोक्त तीनों मामलों में सभी 17 आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# मानव जीवन परमात्मा की आराधना और तप करने के लिए: शास्त्री

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के 13वें दिवस की कथा करते हुए कथा वाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने बताया कि ईश्वर कहते हैं कि अंत काल में जो मेरा स्मरण करता हुआ देह त्यागता करता है वह मुझे पाता है, अंत काल का अर्थ जीवन का नहीं परंतु प्रत्येक क्षण का अंतकाल, सो प्रत्येक क्षण ईश्वर का चिंतन,ध्यान व स्मरण करना चाहिए, प्रत्येक क्षण को सुधारोगे तो मृत्यु भी सुधरेगी, मानव जीवन परमात्मा की आराधना और तप करने के लिए है, यदि मनुष्य केवल भोगों के पीछे ही दीवाना हो जाए तो फिर उसमें और पशुओं में कौन सा भेद रह जाएगा, प्रभु ने मनुष्य को बुद्धि दी है, ज्ञान दिया है पशुओं को कुछ नहीं दिया है। प्रसाद की सेवा गोल्डी सुखीजा पुत्र स्वर्गीय परमपाल सुखीजा , वेद प्रकाश भुड्डी के परिवार द्वारा बेटे अजीत भुड्डी के जन्मदिन की खुशी में एवं श्रीमति रेनू शर्मा निवासी चौहान कॉलोनी के परिवार द्वारा दी गयी।



## पेज एक का शेष...

**ग्लोबल वार्मिंग से निपटने........**धरती मां के नाम और एक पेड़ भारत मां के नाम लगाने का आहवान किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री कोश्यारी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहवान पर शुरू हुआ 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान केवल अभियान न रहकर अब पूरे देश में जनआंदोलन बन गया हैं। यह अभियान हमारी माँ और धरती माँ के प्रति हमारी श्रद्धा के भाव का प्रकटीकरण हैं। आज पूरे देश में हर व्यत्तिफ अपनी माँ और धरती माँ दोनों के नाम से पौधा लगाकर उन्हें प्रणाम कर रहा है। उन्होंने कहा कि पौध-रोपण करना सरल है, लेकिन उन्हें बड़ा करना कठिन। उन्होंने कहा कि लगाएं गए पौधों का अपने बेटे की तरह पालन करें। यही वृक्ष आगे एक माँ की तरह आपकी चिंता करेगा। श्री कोश्यारी ने कहा कि आज वन संरक्षण के साथ ही जल- संरक्षण करना भी जरूरी है। हम सभी को आने वाली पीढ़ी के लिए और बेहतर पर्यावरण देना चाहिए।अगर कुछ अतिरिक्त देकर नहीं जा सकते तो कम से कम उतना छोड़ कर जाना चाहिए जो हमें प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि आज ग्लोबल वार्मिंग बहुत बड़ी चिंता का विषय है। जिससे पर्यावरण नष्ट हो रहा है। उन्होंने कहा कि अपने घर में कम से कम तीन छोटे-छोटे पौधे अवश्य लगाएं और दूसरों को भी पौधे लगाने के लिए प्रेरित करें।भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर शहर के सभी वार्डों में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान पूरे वर्षा काल तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि रूद्रपुर को ग्रीन सिटी बनाने में यह अभियान अहम भूमिका निभायेगा। श्री शर्मा ने कहा कि वृक्ष मानव के लिये आवश्यक हैं तथा यह प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेवारी है कि वह प्रत्येक वर्ष पौधे लगाकर उसकी देखभाल कर पर्यावरण को सुरक्षित करने में सहयोग प्रदान करें। ताकि बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के कारण अशुद्ध होते वातावरण से आने वाली पीढ़ी के लिए इसे अनुकूल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह छोटा सा कार्य जलवायु परिवर्तन से निपटने, प्रदूषण को कम करने और हमारे आस-पास के वातावरण को हरा-भरा बनाने में मददगार हो सकता है। इस अवसर पर नत्थू लाल गुप्ता,सुरेश कोली, उपेंद्र चौधरी, सोनू चुघ, मोहन तिवारी,तरुण दत्ता ललित, मोर सिंह यादव, सुनील ठुकराल, करुण गुप्ता, मनीष मित्तल, राजेश जग्गा, विजय तोमर, अमित, वेद, देव मेनन ,अशोक विश्वास, नंदू उप्रेती,जितेंद्र संधू, जितेंद्र चौहान, योगेश वर्मा, माही सकलानी, फरजाना बेगम, सरिता चौधरी, गीता, मधु राय, संदीप बाजवा, नरेश मिश्रा ,बिट्टू चौहान, जितेंद्र चौहान, नरेंद्र चौहान, गोविंद, आदेश भारद्वाज आदि मौजूद थे।

**तीन दिन बाद देवहा नदी में.........**के साथ बृहस्पतिवार को सुबह चारा काटने के लिए देवहा नदी के किनारे गया था, इसी दौरान घात लगाए बैठे मगरमच्छ ने दलजीत सिंह पर हमला कर उसे देवहा नदी के अंदर ले गया। सूचना पर पुलिस व रेस्क्यू टीम के साथ ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर किशोर को तलाश करने का प्रयास किया। पुलिस व रेस्क्यू टीम ने स्टीमर के माध्यम से किशोर को तलाश करने के लिए सर्च अभियान चलाया। शनिवार को वन विभाग जोरासाल के रेंजर के आर टम्टा ने बताया कि घटनास्थल से 2 किलोमीटर दूर जीत घोड़ी के पास किशोर का शव वन विभाग व पुलिस की टीम ने बरामद कर लिया है। किशोर की पहचान चाचा कश्मीरी सिंह ने की है। टीम में राजन सिंह वन दरोगा, भजन सिंह, योगेश कुमार,ओमकार,मंत्री सिंह, गिरीश वर्मा, के साथ ही दरोगा हरीश चंद मौके पर मौजूद थे, इधर युवक का शव मिलने के बाद बाउली साहिब पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

**लेपर्ड की दो खाल के साथ.........**का लम्बे समय से चम्पावत क्षेत्र से वन्यजीव अंगो की तस्करी करने का इनपुट एसटीएफ के पास आया था। जिस पर एसटीएफ की एक टीम को गोपनीय रुप से इस पर कार्यवाही करने हेतु लगाया गया था। कल जब ये तस्कर खालों को किसी बाहर की पार्टी को बेचने के लिए निकला तो टीम द्वारा कार्यवाही कर गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गये तस्कर के विरुद्ध देवीधुरा फॉरेस्ट रेंज में वन्यजीव अधि० (वाइल्ड लाइफ एक्ट) के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चन्द्र काण्डपाल ने बताया कि एसटीएफ द्वारा वन्यजीव तस्करी की सूचना प्राप्त होने देवीधुरा फॉरेस्ट रेंज की टीम ने एसटीएफ के साथ कार्यवाही कर एक व्यक्ति को 2 लेपर्ड स्किन के साथ देवाधुरा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है जब वह इन खालों को बेचने की फिराक में जा रहा था। जिससे पूछताछ की जा रही है। अभी प्रारम्भिक पूछताछ में इसके और भी साथियों की भूमिका सामने आयी है जिस पर आगे कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि खालें 2 से 3 वर्ष पुरानी लग रही हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसटीएफ टीम के उनि बृजभूषण गुरुरानी, अउनि प्रकाश भगत, मुख्य आरक्षी गोविंद सिंह विष्ट, दुर्गा सिंह, आरक्षी दीपक भट्ट, देवीधुरा वन प्रभाग टीम के कैलाश चंद्र गुणवंत वन क्षेत्राधिकारी देवीधूरा, बीट अधिकारी किशोरी लाल वन बीट अधिकारी, गोविंद साहू, कुमारी रेनू विष्ट, कुमारी यामिनी पुनेठा शामिल रहे।

**कैबिनेट मंत्री ने तहसील........**शुभारंभ कई आवेदकों के स्थाई निवास प्रमाण पत्र जारी कराकर किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भी आभार जताया। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने नवीन तहसील भवनों के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से अनुरोध किया था। जिसके क्रम में पुष्कर सिंह धामी ने पुरानी तहसील परिसर में तहसील के नवीन भवनों के निर्माण के लिए लगभग 407 लाख रुपए का बजट स्वीकृत करने की घोषणा की थी। निर्माण निर्माण दाई संस्था लोक निर्माण विभाग ने मैं तहसील भवन में एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, आवेदकों, वादकारियों की सुविधा के लिए भवनों, हाल का निर्माण कराया। इसके अलावा पूर्ति निरीक्षक कार्यालय रिकॉर्ड रूम आदि का भी निर्माण कराया है। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि उन्होंने हमेशा क्षेत्र के विकास को लेकर काम किया। नई तहसील, भव्य हॉस्पिटल, डिग्री कॉलेज, आईटीआई कॉलेज, सड़कों का निर्माण आदि कराकर उन्होंने क्षेत्रीय जनता को सुविधा प्रदान की हैं। इस मौके पर राज्य हज समिति के अध्यक्ष खतीब अहमद, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, एसडीएम रविंद्र कुमार, तहसीलदार पूजा शर्मा, मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, महामंत्री अमित रस्तोगी, आदेश ठाकुर, पूर्व सभासद रवि रस्तोगी, सुखदेव सिंह, सरदार लक्खा सिंह, सुरेश जैन, बीना साहू, सुमन राय, राजू नगदली, दीपक गुप्ता, राकेश गुप्ता, राकेश त्यागी, विजय सलूजा, अनिरुद्ध राय, चमनलाल शर्मा, जाहिद मलिक, आजम मलिक मौजूद रहे।

**एक वादा किया पूरा,दूसरे में पार्क.......**कहा कि विकास कार्यों में सितारगंज विधानसभा उत्तराखंड की टॉप 3 विधानसभा क्षेत्र में से एक है। इसके लिए उन्होंने क्षेत्र की सवा लाख जनता को धन्यवाद दिया। कहा कि क्षेत्रीय जनता ने उन्हें विधायक बनाया इसके बाद ही उन्होंने क्षेत्र के विकास को एक जनप्रतिनिधि के रूप में आयाम तक पहुंचाने का प्रयास किया है। जिसमें डिग्री कॉलेज, सरकारी हॉस्पिटल, आईटीआई कॉलेज, सिरसा रोड, सुखी नदी पुल आदि विकास कार्य अहम है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सितारगंज क्षेत्र से जुड़े हर विकास के प्रस्ताव को गंभीरता पूर्वक पूरा किया है। तहसील भवन के शुभारंभ के अवसर पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि तहसील भवन का वादा उन्होंने पूरा कर दिया है। जबकि 15 करोड़ की लागत से शहर के बीच में पार्क और पार्किंग निर्माण के लिए 15 अगस्त को प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस पार्क, पार्किंग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके निर्माण से क्षेत्र के बुजुर्ग और बच्चों को सुविधा मिलेगी।

**जनसहयोग से हट रहा है कूड़े.........**किया जा रहा है। भविष्य में जन सहयोग से नगर की अन्य प्रमुख समस्याओं का निस्तारण करने में वह पीछे नही हटेंगे। अपने सम्बोधन में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि जिलाधिकारी उदय राज सिंह पिछले कई दशकों के पश्चात ऐसे प्रशासनिक अधिकारी के रूप में यहां आये है जिन्होंने व्यक्तिगत रूचि लेकर नगर से कूड़े की पहाड़ की कलंक को हटाया। इसे नगरवासी हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने जिलाधिकारी से नगर में जलभराव और नजूल जैसी समस्या से भी निजात दिलाने की मांग की। कार्यक्रम के दौरान नगर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा जिलाधिकारी उदय राज सिंह, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, एसडीएम मनीष बिष्ट व उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी का माल्यार्पण कर उन्हे स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। सर्वेश कुमार सिंह, कृष्ण चन्द्र, संजीत बढ़ई, नवीन ठुकराल, अभय सिंह सोलंकी, संजय

# हस्तशिल्प एवं लघु उद्योग पुरस्कार के लिए मांगे आवेदन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार ने बताया कि विगत वर्षो के भॉति इस वर्ष 2024-25 में स्थापित उद्यमों को उनके द्वारा उत्पादित विशिष्ट उत्पादों की उत्कृष्टता के आधार में हथकरघा/हस्तशिल्प एवं लघु उद्योग पुरस्कार जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय दिया जाना है। उन्होने बताया कि उत्कृष्ट बुनकरों/ हस्तशिल्पियों एवं लघु उद्यमियों का चयन जिला स्तरीय एवं राज्य स्तर पर गठित समिति द्वारा किया जायेगा। उन्होने बताया कि बुनकर एवं हस्तशिल्पियों या उसके उद्योग जो उद्योग निदेशालय उत्तराखण्ड द्वारा अथवा विकास आयुक्त हथकरघा हस्तशिल्प भारत सरकार के अधीन बुनकरों/हस्तशिल्पियों के रूप में पंजीकृत हो, उत्तराखण्ड राज्य के अन्तर्गत पंजीकृत हस्तकला/हथकरघा के निजी दस्तकार तथा सहकारी समितियों एवं पंजीकृत अशासकीय स्थाओं के हस्तशिल्पी एवं बुनकर पुरस्कार हेतु पात्र होगें। महाप्रबन्धक उद्योग ने बताया कि उद्योग विभाग के अन्तर्गत स्थाई रूप से ऐसी लघु स्तरीय इकाईयॉ जो विगत तीन वर्षो से निरन्तर उत्पादनरत हेने के सम्बन्ध में ऑडिट बैलेंसशीट, प्लांट एवं मशीनरी में पूँजी निवेश, रोजगार की संख्या/वार्षिक उत्पादन, अनुसंधान/विकास पर व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत करना होगा। उन्होने बताया कि ऐसी लघु स्तरीय इकाईयॉ जो किसी भी बैंक/विभागीय ऋण की डिफाल्टर न हो पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र दो प्रतियों में निर्धारित रूप पत्र के साथ रू0-50 का डिमाण्ड ड्राफ्ट महाप्रबन्धक उद्योग के पक्ष में देय होगा। आवेदन पत्र किसी दिवस में महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र एवं प्रभारी राजकीय डिजाइन केन्द्र काशीपुर में 30 नवम्बर 2024 तक जमा किये जा सकते है।

# शहीद उधम सिंह की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सेवा क्रांति वेलफेयर ट्रस्ट और हेल्प टू अदर द्वारा शहीद उधम सिंह जी की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया




गया जिसमें अनेक लोगों ने रक्तदान कर योगदान किया। सेवा क्रांति वेलफेयर ट्रस्ट और हेल्प टू अदर द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में शहीद उधम सिंह मेमोरियल ब्लड बैंक, इसरार, रामवीर यादव, अलका अरोड़ा, जगजीत सिंह गोल्डी, तनु, अभिनव, राजू, प्रशांत, पंडित जितेंद्र शर्मा, अली खान आदि मौजूद थे।

# अतिथि माध्यमिक शिक्षक आंदोलन की राह पर

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिले ने माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षक सरकार द्वारा उनकी मांगों को नही माने जाने से नाराज होकर आंदोलन के लिए प्रदेश मुख्यालय कूच कर रहे हैं।वही माध्यमिक अतिथि शिक्षक संगठन से जुड़े शिक्षक अपनी मांगों को लेकर देहरादून में चल रहे आंदोलन को सफल बनाने के लिए देहरादून रवाना हो गए हैं।संगठन के जिलाध्यक्ष महेश टम्टा के नेतृत्व में महामंत्री अनिल कुमार,गोपाल बिष्ट,प्रताप सिंह बघरी आदि अतिथि शिक्षक देहरादून में प्रदेश संगठन द्वारा किए जा रहे आंदोलन में भाग लेने गए हैं, जिसको लेकर जिला संगठन ने इस विषय की जानकारी के लिए तीनों खंडों में तैनात अतिथि शिक्षकों को आंदोलन में शामिल होने को जाने विषयक पत्र खण्ड शिक्षा अधिकारियों को दिया है।



ठुकराल, दुर्गेश मौर्य, दिनेश गुप्ता, नन्द लाल शर्मा, राकेश सिंह, संजय जुनेआ, राजकुमार भुसरी, ललित विष्ट, सुखवंत सिंह विर्क, केशवल शर्मा, जगदीश सिंह, हरेन्द्र बंसल, श्याम सिंह चौहान, विजय वाजपेयी, गोपाल पटवाल, राजेन्द्र बोरा, हिमांशु शुक्ला, तजेन्द्र सिंह विर्क, वीरेन्द्र तिवारी, डीपी यादव, त्रिनाथ विश्वास, सोमपाल सिंह, श्रद्धा सिंह, बलविन्दर सिंह, राजेन्द्र सिंह, राजन सिंह,गुरदीप सिंह, प्रीतम सिंह, मनीष छाबड़ा, तजेन्द्र सिंह लाटू, सुषमा अग्रवाल, विजय अग्रवाल सिंह नगर के तमाम गणमान्य लोग मौजूद थे। स्वागत करने वाली संस्थाओं में गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी गोल मार्केट, अग्रवाल सभा, व्यापार मण्डल, आर्य समाज, तराई चेम्बर मर्चेन्ट, किसान सभा, बार एसोसिएशन, ब्राम्हण सभा,गुरूद्वारा दशमेश नगर,आवास विकास कमेटी, शिव नाटक क्लब, रामलीला कमेटी इन्द्राकालोनी, पूर्वांचल समाज छठ पूजा समिति, लघु उद्योग व्यापार मण्डल ट्रांजिट कैम्प, शैल सांस्कृतिक समिति, पर्वतीय समाज,बंगाली कल्याण समिति व सिडकुल एसोसिएशन सहित कई संस्थाए शामिल थी।

**व्यापारकर कार्यालय के स्टेनो..........**की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक राजकुमार के एक भाई की पूर्व में दुर्घटना में व दूसरे भाई की कोरोना काल में मौत हो चुकी है। राजकुमार की मौत से मां के तीनों लाल उससे छिन गये हैं।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# आखिर किसके इशारे पर पैसे निकालने का किया गया प्रयास?

## कैबिनेट मंत्री का करीबी बताकर बिना टेंडर के किये काम

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर पंचायत नानकमत्ता द्वारा नए निर्माण कार्यों की आड़ में पूर्व में शासन की जांच में विवादित कार्यों के टेंडर आखिरकार किस अधिकारी के इशारे पर निकल गए, इसको लेकर तमाम चर्चाएं हो रही है,जिसकी जांच होना जरूरी है, वहीं नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी द्वारा दो टेंडर बैक डेट में निरस्त करने की मंशा पर भी सवाल उठ रहे हैं, धांधली को लेकर मुख्यमंत्री समेत उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की तैयारी चल रही है, गौरतलब है कि नगर पंचायत नानकमत्ता द्वारा जून माह में 14 निर्माण कार्यों के टेंडर निकाले गए थे, वर्तमान में नगर पंचायत में प्रशासक की तैनाती है, बतौर प्रशासक के रूप में उप जिलाधिकारी सितारगंज कार्यभार संभाल रहे, लेकिन इसके बावजूद भी नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी व जेई द्वारा डेढ़ वर्ष पूर्व बिना टेंडर के हुए कार्य का टेंडर निकालने की शिकायत के बाद जिला प्रशासन व शासन स्तर पर हुई जांच के बावजूद भी वर्तमान में 14 नए निर्माण कार्य की आड़ में पूर्व में बनी सड़कों का पैसा धन निकासी निकालने का प्रयास किया गया, जिससे साफ है कि नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी व निर्माण जेई द्वारा मौके पर न जाकर ऑफिस में बैठकर एस्टीमेट तैयार कर अपने उच्च अधिकारियों को भी गुमराह किया गया, खासकर प्रशासक उप जिला अधिकारी को भी गुमराह करने का मामला सामने आ रहा है, बताया जा रहा है कि प्रशासक के अनुमोदन के बाद ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई थी, जिसमें बकायदा पूर्व में विवादित टायल रोड के टेंडर डाल भी दिए गए थे, अब सवाल यह उठता है कि पूर्व में शासन द्वारा जांच करने के बावजूद भी जांच में बिना टेंडर के बने निर्माण कार्यों के पुन: टेंडर निकाल कैसे दिए गए, इसके पीछे किसी अधिकारी या राजनेता की शह है, जो कि जांच के बाद ही पता चल सकता है। नगर पंचायत नानकमत्ता में 3 वर्ष पूर्व जिन निर्माण कार्यों का पैसा निकालने का प्रयास किया गया है बताया जाता है कि सितारगंज के एक सत्ता पक्ष के करीबी नेता ने यह काम बिना टेंडर के कराए थे, जो कि प्रदेश में एक कैबिनेट मंत्री से अपनी अच्छी खास जान पहचान बताकर अधिकारियों पर दबाव बनाकर बिना टेंडर के हुए कार्यों का पैसा निकालने का प्रयास किया गया, जिससे क्षेत्र में चर्चा है कि कैबिनेट मंत्री के नाम पर अधिकारियों पर रोब झाड़ने वाले नेता ने टेंडर प्रक्रिया को बाधित किया है, हालांकि अभी तक यह नेता सामने नहीं आया है।

### विधायक की शिकायत पर हुई थी जांच

नानकमत्ता।नगर पंचायत द्वारा डेढ़ वर्ष 27 कार्यों के निर्माण में करीब एक दर्जन बिना टेंडर के कार्यों का पैसा निकालने का प्रयास किया गया था, जिस पर विधायक प्रेम सिंह राणा समेत कई लोगों ने शासन में उच्च अधिकारियों से शिकायत कर डाले गए टेंडर को निरस्त करने की मांग की थी, जिस पर शासन ने बिना टेंडर के हुए निर्माण कार्यों की जांच के आदेश देते हुए, बिना टेंडर के हुए निर्माण कार्यों की धन निकासी पर रोक लगा दी थी, लेकिन इसके बावजूद पुनः 14 नए काम की आड़ में बिना टेंडर के हुए कार्यों का पैसा निकालने का प्रयास किया गया।

# सहकारी समिति कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

किच्छा(उद संवाददाता)।सात सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समिति कर्मचारी यूनियन के कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन किच्छा उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र को प्रेषित किया। कहा कि उनकी मांगे पूरी होने तक उनकी लड़ाई जारी रहेगी, इसके लिए व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। जिसकी रूपरेखा की तय कर ली गई। सहकारी समिति कर्मचारी यूनियन के सचिव शुभम त्यागी के अगुवाई में, मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा कि उधम सिंह नगर एवं नैनीताल के सहकारी समितियो के कर्मचारियों में विभाग विभाग के प्रति रोष व्याप्त हैं। कहा कि विगत तीन वर्षो से संगठन और विभाग के मध्य कई बार उनकी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर बैठक हुई। जिसमें कर्मचारियों को सिर्फ आश्वासन ही दिया गया था। विभाग ने कर्मचारियों की मांगों को



कभी गंभीरता से नहीं लिया। जिसके चलते अब संगठन ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उप जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। कर्मचारी यूनियन ने कहा कि 5 अगस्त से 8 अगस्त को पूर्ण रूप से तालाबंदी तथा दोनों जनपदों के समस्त कर्मचारियों की मांग पूर्ण होने तक रुद्रपुर में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही 9 अगस्त से मांग पूर्ण होने तक कर्मचारियों द्वारा आमरण अनशन किया जाएगा।

# क्रिकेटर रिंकू सिंह से मिले गदरपुर के अश्वनी कुमार

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के युवा समाजसेवी व भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष अश्वनी कुमार रजत की एक खास मुलाकात भारतीय क्रिकेट टीम के जांबाज बल्लेबाज रिंकू सिंह से हल्द्वानी में हुई। जहां रिंकू सिंह अपने मित्रों के साथ कैंची धाम दर्शन कर लौट रहे थे।अश्वनी कुमार ने बताया कि वह हल्द्वानी के रास्ते मे भुट्टा खाने रुके थे जहां अचानक से क्रिकेटर रिंकू सिंह भी आ गये।जहाँ उनकी लगभग 15 से 20 मिनट की मुलाकात रिंकू सिंह से हुई और बहुत सी बातों पर चर्चा भी हुई।जहां एक और रिंकू सिंह का कहना है आज वह जिस मुकाम पर भी पहुचे है उनके प्रेरणा स्त्रोत उनके माता पिता एवं गुरुजन रहे है ओर उन्होंने कहा उन्होंने जब से कैंची धाम के दर्शन किये है उनके जीवन में हनुमान जी एवं गुरु महाराज जी की अपार कृपा है।वही अश्वनी कुमार ने कहा कि भले ही



उनकी मुलाकात मात्र कुछ मिनट की रही हो लेकिन वह यह समझ चुके है कि भारतीय टीम के जाबाज बल्लेबाज रिंकू सिंह बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति है और इतने बड़े मुकाम को हासिल करने के बाद भी एक एक साधारण जीवन जीने में विश्वास रखते है उन्होंने कहा रिंकू सिंह आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है जिन्हें देख आज की युवा पीढ़ी को अपने देश के लिए समर्पण भाव की सोच रखनी चाहिए ।उन्होंने बताया रिंकू सिंह को देखने वालों का तांता लगा रहा और रिंकू सिंह ने हँसते मुस्कुराते हुए अपने फैन्स के अभिनन्दन किया। अश्वनी कुमार का कहना है यह छोटी सी मुलाकात एवं आजीवन याद रखेंगे।

# गदरपुर में ऋण मेले का आयोजन 6 अगस्त को

## पुरानी अनाज मंडी में लगेगे सरकारी व अर्ध सरकारी बैंकों के काउंटर

गदरपुर(उद संवाददाता)। व्यापार मंडल द्वारा आगामी 6 अगस्त को एक विशाल ऋण मेले का आयोजन करके व्यापारियों को ऋण प्राप्त करने हेतु सुविधा देने हेतु एक अनूठी पहल की है । व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़ ने बताया कि आगामी 6 अगस्त दिन मंगलवार को प्रात: 10 बजे से 2बजे तक पुरानी अनाज मंडी गदरपुर में एक ऋण मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सरकारी एवं अर्ध सरकारी बैंकों के अलावा नाबार्ड, जिला उद्योग केंद्र एवं पर्यटन विभाग द्वारा स्टाल लगाकर उपलब्ध कराई जाएंगी । उन्होंने बताया कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाए जाने के उद्देश्य से भी मातृशक्ति को ऋण प्रदान करवाने में पहल की जाएगी । इस



ऋण प्राप्त करने के नियम बताए जाएंगे,साथ ही उनके प्रतिनिधियों द्वारा व्यापारियों को अपने व्यापार को बढ़ाने एवं विस्तार करने के लिए आसानी से ऋण प्राप्त करने के लिए जानकारियां मौके पर महामंत्री संदीप चावला एवं कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा ने भी सभी सम्मानित नागरिकों को उक्त ऋण मेले में प्रतिभाग करके लाभ एवं जानकारियां प्रदान करने की अपील की गई ।

# ट्रंचिंग ग्राउंड में पार्क बनाने की मांग को लेकर चुघ ने सोंपा ज्ञापन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।ट्रंचिंग ग्राउंड में सुंदर पार्क व छायादार वृक्ष लगाने की मांग को लेकर वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने नगर निगम पहुंचकर नगर आयुक्त नरेश दुर्गा पाल को ज्ञापन सोंपा। नगर आयुक्त को दिए गए ज्ञापन में चुघ ने कहा कि उन्होंने वर्षों पुरानी शहर की समस्या का हल किया है इसके लिए नगर आयुक्त बधाई के पात्र है ।उन्होंने कहा वर्षों से यहां कूड़े का पहाड़ बन गया था जिससे आसपास के रहने वाले लोगों को जीना मुहाल हो गया था ऐसे में 6 महीने के भीतर यह कूड़े का पहाड़ साफ कर दिया गया। चुघ ने कहा कि अब इस जगह पर मिट्टी का भरान कर सुंदर पार्क बनाया जाए, साथ ही छायादार वृक्ष और फल फूल के पौधे भी रोपें जाएं। उन्होंने कहा इस कूड़े के पहाड़ के अपने कारण पहाड़गंज,रेशमबाड़ी,रमपुरा, शांति कॉलोनी सहित आसपास के लोगों को राहत मिली है। जिसके लिए नगर आयुक्त बधाई के पात्र हैं ,साथ ही उन्होंने कहा कि भूरारानी की दुर्गा कॉलोनी में कई वर्षों से सड़क नहीं बनाई गई जिससे लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में जनहित में लगभग आधा किलो मीटर सड़क का निर्माण किया जाए। इस दौरान ओम प्रकाश, अमन सक्सैना, राज कुमार,रूपचंद, संजय प्रजा पति, राकेश, राम चरण,सनी पासवान शुभम प्रजापति सुनील कुमार ,सचिन, प्रेम सिंह प्यारेलाल कोली ,राज कोली सहित काफी संख्या में नगरवासी मौजूद थे।



# कांग्रेस का क्रमिक अनशन जारी

बागेश्वर। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर पुलिस द्वारा एकतरफा कार्रवाई कर लगाए गए मुकदमो को वापस लेने, और मामले में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा नामित किए गए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई,और एकतरफा कार्रवाई करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ जांच की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का धरना दूसरे दिन जारी रहा।जिलाध्यक्ष भगवत डसीला ने कहा कि छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नही होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। वहीं अभाविप कार्यकर्ताओ ने पत्रकारों के साथ पत्रकार वार्ता कर मामले में अपनी प्रतिक्रिया दी।उन्होंने पुलिस कार्रवाई का समर्थन करते हुए एनएसयूआई और कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताया।

